डोरियन : (कानों पर हाथ रख कर) मुझे नहीं सुनना, मुझसे ये सब बातें मत करो। जो बीत गया वो बीत गया।

बेजिल : बीता कल तुम्हारे लिए पुराना हो गया?

डोरियन : समय का इससे क्या लेना देना? मुझे उबरने के लिए सालों नहीं लगते। अगर तुम 5 बजे यहाँ आते तो मुझे आंसुओं में डूबा पाते, जब हेनरी का कॉल आया था तब मेरी हालत बहुत खराब थी लेकिन जिसका खुद पर काबू हो वो, जितनी जल्दी सुख को खोज लेता है उतनी ही जल्दी दुःख का अंत भी कर देता है।

बेजिल : डोरियन! बहुत ही बुरी बात है. तुम ऐसे बात कर रहे हो जैसे तुम्हारे सीने में दिल नहीं है– तुममें दया की भावना ही नहीं है। मैं देख रहा हूँ ये सब हेनरी की संगत का असर है।

डोरियन : मैं हेनरी का बहुत एहसानमंद हूँ, बेजिल तुमसे से भी ज्यादा. तुमने ही तो मुझे, खुद से प्यार करना सिखाया है।

बेजिल : खैर, मुझे इसकी सजा मिल चुकी है, डोरियन।

डोरियन : मुझे नहीं मालूम तुम क्या चाहते हो, बेजिल।

बेजिल : मुझे वो डोरियन चाहिए जिसकी तस्वीर मैं बनाता था।

डोरियन : ओह! भले इन्सान की तरह तुम मुझे यहाँ सांत्वना देने आये, बहुत बढ़िया, पर मुझे अच्छा भला देख कर गुस्से में आ गए। हम साथ में कितने खुश रहते थे। मुझसे झगड़ो मत बेजिल मैं ऐसा ही हूँ और कहने को कुछ नहीं बचा। तुम मेरे लिए सिबिल की एक तस्वीर बना दो।

बेजिल : अगर इससे तुम्हें खुशी मिलेगी तो मैं कोशिश करूँगा कुछ करने की, डोरियन। लेकिन तुम्हें फिर से मेरा मॉडल बनना होगा। मैं तुम्हारे बिना कुछ नहीं कर सकता।

डोरियन : मैं ऐसा कभी नहीं करूँगा।

बेजिल : ये नामुमकिन है, लेकिन मेरे बच्चे, ये क्या बकवास है! मैंने तुम्हारी जो तस्वीर बनायीं क्या वो तुम्हें पसंद नहीं आई? तुमने इसे छुपा क्यों रखा है? मुझे देखने दो? अजीब बात है तुमने इसे इस तरह से ढक रखा है। (तस्वीर की ओर जाता है)

डोरियन : तुम इसे नहीं देख सकते, बेजिल।

बेजिल : मैं अपने ही काम को नहीं देख सकता? ये मेरा अब तक का सबसे शानदार काम है। तुम मजाक कर रहे हो न? मैं क्यूँ न देखूं इसे?

डोरियन : अगर तुमने इसे देखने की कोशिश की तो कसम से बेजिल जब तक मैं जिन्दा हूँ तुमसे बात नहीं करूँगा। मैं कोई सफाई नहीं दूंगा याद रखना अगर तुमने इस तस्वीर को छुआ तो हम दोनों के बीच सब कुछ खत्म।

बेजिल : डोरियन, मैं तुमसे भीख...

डोरियन : चुप रहो!

बेजिल : मैं समझ गया, क्यों केवल तुम ही, इस तस्वीर को देख सकते हो। इसके पीछे एक खौफ़नाक राज है।

डोरियन : राज़ कैसा राज़?

बेजिल : डोरियन, जिस पल मैं तुमसे पहली बार मिला था न तभी से तुमने मेरे दिलो दिमाग पर काबू कर लिया था। मैंने तुम्हें एक दोस्त से बढ़ कर चाहा, पूजा है. मैंने कभी किसी औरत से प्रेम नहीं किया, शायद वक्त ही नहीं मिला। तुम्हारी खूबसूरती ने मुझ पर गजब का असर डाला है। मैं मानता हूँ कि मैं तुम्हें पागलों, दीवानों की तरह चाहता हूँ. तुम्हारे चेहरे को देखने के बाद मेरी आँखों को ये दुनिया अद्भुत लगने लगी और जैसे जैसे मैं तुम्हारी तस्वीर बनाता गया मुझे मालूम था की रंग का हर एक कतरा, ब्रश का हर एक स्ट्रोक मेरे प्यार को दर्शायेगा। सब कुछ बहुत गलत और बेवकूफाना था। अब भी गलत और बेवकूफाना है।

डोरियन : और? हो गया बस।

बेजिल : बस? डोरियन... बस? तुम नहीं जानते तुमको ये सब कहने के लिए मैंने क्या कीमत चुकाई है। मेरा कुबूलनामा...

डोरियन : तुमने कहा तुम मुझे पसंद करते हो थोड़ा बहुत। तुम इसे कुबूलनामा कहते हो? ये तो जरा सी तारीफ भी नहीं है।

बेजिल : तो तुम मुझसे क्या उम्मीद करते हो? तुमने तस्वीर क्यों छिपा रखी है? ऐसा क्या देख लिया तुमने उसमें?

डोरियन : बेजिल, ऐसा कुछ भी नहीं है उसमें देखने लायक, और ये प्यार व्यार की बातें मत करो, सब बेवकूफी है। मैं और तुम दोस्त हैं बेजिल, न कम, न ज्यादा और हमेशा रहेंगे।

बेजिल : तुम्हारे पास हेनरी है!

डोरियन : ओह हेनरी! वो बस सारा दिन बड़ी–बड़ी बातें करता है और रात भर कमाल करता है. मैं बिलकुल ऐसे ही जीना चाहता हूँ लेकिन, अगर कभी

मैं मुश्किल में फंसा, बेजिल, बड़ी आफत में तो मैं हेनरी के पास नहीं जाऊंगा, मैं तुम्हारे पास आऊंगा।

बेजिल : तब तुम फिर से मेरे मॉडल बनोगे?

डोरियन : कभी नहीं, बेजिल, इस तस्वीर में कुछ ऐसा है जो जानलेवा है। ये अपने आप में जिन्दा है। मैं आ कर तुम्हारे साथ चाय पीता हूँ। यही बेहतर रहेगा।

बेजिल : मेरे ख्याल से तुम्हारे लिए यही ज्यादा बेहतर होगा। माफ करना तुम तस्वीर तो देखने नहीं दोगे खैर मैं समझ सकता हूँ। गुड बाय। (जाता है)

डोरियन : लीफ! लीफ!

लीफ : कहिये

डोरियन : तुम इतनी जल्दी आ गयीं? तुम दरवाजे के पीछे तो नहीं खड़ी थी?

लीफ : बिलकुल नहीं, सर। मैं तो आपके लिए ये सुबह का अखबार ला रही थी। (अखबार देती है) पहले पन्ने पर भयानक खबर छपी है, सर! एक गरीब मामूली अभिनेत्री ने खुद्कुशी कर ली! रेजर से गला काट लिया। दुखद! सुना है किसी प्रिंस ने उसका दिल तोड़ दिया था।

डोरियन : भागो यहाँ से! (लीफ भाग जाती है, डोरियन चिल्ला कर) दोबारा इस घर में मुझे अखबार नहीं दिखना चाहिए। लीफ! लीफ! (दोबारा आती है)

लीफ : मास्टर डोरियन?

डोरियन : लीफ! तुम्हारे पास पढाई के कमरे की चाबी है?

लीफ : वो तो कभी बंद नहीं रहता। मास्टर डोरियन।

डोरियन : मालूम है मुझे! तुम्हारे पास उसकी चाबी है लीफ?

लीफ : मगर आप उसे बंद क्यों करना चाहते हैं?

डोरियन : क्योंकि मैं चाहता हूँ !

SCENE NO : 7

Dorian : *(crossing to the picture and uncovering it)*

So you are watching me? Well I shall take a real pleasure in watching you.

LEAF : Mr. Basil Hallward is here, Sir.

Dorian : Show him in, Leaf.

LEAF : Yes Sir.

(Enter Basil)

Basil : Dorian, my dear boy, how are you?

Dorian : Basil! You look quite red in the face. Have you been running from your creditors? Sit down, old man, and Leaf will bring you some tea. Henry and I have decided to go to the opera tonight. Will you join us?

Basil : The opera? You´re thinking of going to the opera? Before the girl you loved has even the quiet of the grave to sleep in? Why, man?

Dorian : *(Covering his ears)* I won't hear it. You must not tell me about these things. What's past is past.

Basil : You call yesterday the past?

Dorian : What´s time to do with it? I don´t need years to get rid of an emotion. If you had come at, say, five o´clock, you would have found me in tears. When Henry called, I was in a terrible state. But a man who is master of himself can end a sorrow as quickly as he can invent a pleasure.

Basil : Dorian, this is horrible! You talk as if you had no heart - no pity in you. This is all Henry´s influence, I see that.

Dorian : I owe a great deal to Henry, Basil. More than I owe to you.You only taught me to love myself.

Basil : Well, I´m punished for that, Dorian.

Dorian : I don´t know what you want anymore, Basil.

Basil : I want the Dorian I used to paint.

Dorian : Oh, how like a sympathetic person! You come here to console me. That is charming. You find me consoled and you are furious. We used to be so happy together. Don´t quarrel with me, Basil. I am what I am. There is nothing more to be said. You must do me a drawing of Sybil,

Basil : I will try and do something, Dorian, if it will please you. But you must come and model for me again. I can´t do anything without you.

Dorian : I can never model for you again, Basil. It is impossible. But my dear boy, what nonsense! Don´t you like what I did of you? Why have you hidden it away? Let me look at it. It is disgraceful to cover it up like this. *[Moves towards the painting]*

Dorian : Basil, you must not look at it.

Basil : Not look at my own work? But it's the best thing I've ever done. You are not serious. Why shouldn´t I look at it?

Dorian : If you try to look at it, Basil, on my word of honour I will not speak to you again as long as I live. I will give you no explanation but remember - if you touch that picture, everything is over between us.

Basil : Dorian! I beg you...

Dorian : Don´t speak!

Basil : I quite understand why only you should see the painting. It betrays a terrible secret.

Dorian : Secret, what secret?

Basil : Dorian from the moment I met you, you have dominated my soul. I have worshipped you with far more romance of feeling than a man usually gives to a friend. Somehow, I have never loved a woman. I suppose I never had time. From the moment I met you, your beauty had the most extraordinary influence over me. I quite admit that I adored you madly, absurdly. Your perfect face made the world seem wonderful to my eyes and as I painted your picture I knew that every fleck of paint, every brush stroke would reveal my love. It was all very wrong and foolish. It is all wrong and foolish still.

Dorian : And? Is that all?

Basil : All, Dorian? All? You don´t know what it has cost me to tell you all this. My confession...

Dorian : You told me that you like me a bit - a bit too much. You call that a confession? It´s hardly even a compliment.

Basil : What else did you expect? Why do you hide the picture? What have you seen in it?

Dorian : Basil, there is nothing else to see. And you mustn't talk about love. It's foolish. You and I are friends, Basil, nothing more, nothing less, and we must always remain so.

Basil : You have got Henry!

Dorian : Oh, Henry! He spends all day saying the incredible, and all night doing the improbable. Just the kind of life I'd like to lead. But if I were ever in trouble, Basil, real trouble I would not come to Henry, I would come to you.

Basil : Then you will model for me again?

Dorian : Never, Basil. There is something fatal about a portrait. It has a life of its own. I will come and have tea with you. That will be just as pleasant.

Basil : Pleasanter for you, I´m afraid. I´m sorry you won´t let me look at the picture once again but I quite understand. Good bye. *Exit Basil.*

Dorian : Leaf! Leaf ! *Enter Leaf*

Leaf : Master Dorian?

Dorian : Why were you so quick to answer my call? You weren't standing outside the door, were you?

Leaf : Of course not, Sir. I was just bringing you the morning paper. *[Hands him the paper]* Terrible story on the front page, Sir. Some poor little actress killed herself. Slit her throat with a razor. dreadful. They say she had her heart broken by a prince.

Dorian : Get out of here! *(Leaf exits, he shouts after her)* I never want to see another newspaper in this house!

Dorian : Leaf ! *Enter Leaf.*

Leaf : Master Dorian?

Dorian : Leaf! Do you have the key to the study door?

Leaf : It´s never locked, Master Dorian.

Dorian : I know that! But do you have the key, Leaf?

Leaf : Why ever would you want to lock this room?

Dorian : Because I desire it!

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

SCENE NO : 8

डॉक्टर अपने अपने कमरे में हैं! तभी एक लड़का अखबार में लिपटी हुई कोई चीज ले कर आता।

डॉक्टर : आह! कैसा महसूस कर रहे हो अब? मेरे लिए क्या खबर लाये हो?

लड़का : ममा ने आपको नमस्कार कहा है डॉक्टर और मुझे आपको धन्यवाद कहने के लिए बोला... मैं उनका इकलौता बेटा हूँ और आपने मेरी जान बचायी है। आपने खतरनाक बीमारी से उबारा है और... समझ नहीं आ रहा कि हम कैसे आपका शुक्रिया अदा करें।

डॉक्टर : ओह! कोई बात नहीं! मेरी जगह कोई और होता तो वो भी वही करता जो मैंने किया।

लड़का : मैं अपनी माँ का इकलौता बेटा हूँ... हम गरीब लोग हैं और आपका कर्ज किसी भी तरह नहीं उतार सकते, और हम इसके लिए शर्मिंदा हैं, डॉक्टर, फिर भी, कैसे भी करके, ममा और मैं ...माँ का इकलौता बेटा आपसे दरख्वास्त करते हैं कि आप इसे हमारी ओर से उपहार स्वरुप स्वीकार करें... ये चीज ...जो ...बहुत अमूल्य है... कांसे की कलाकृति है..... अपने आप में अनूठी।

डॉक्टर : अरे तुम्हें... नहीं! किसलिए...

लड़का : नहीं, कृपया करके मना मत कीजिये। (मेज पर मूर्ति रख देता है और अखबार हटाते हुए कहता जाता है) नहीं तो ममा और मुझे बहुत दुःख होगा..... ये बहुत ही अच्छी चीज है ...प्राचीन कांसे की है... मेरे पिता की आखिरी निशानी और हमने इसे उनकी यादगार के तौर पर बहुत संभाल कर रखा है। मेरे पिता प्राचीन कांसे की कलाकृतियाँ खरीद कर कला पारखियों को बेचने का काम करते थे ...अब ममा और मैं उनका बिजनस सँभाल रहे हैं। (लड़का कांसे का पुराना कैंडल स्टैंड मेज पर रख देता है)

डॉक्टर : (डॉक्टर कान के पीछे धीरे से खुजाता है, गला खंखार कर) सचमुच, ये बहुत अच्छी है, लेकिन..... कैसे कहूँ? ये .....ये ...हम्म...ये यहाँ ...परिवार वालों के लिए नही है।

लड़का : क्या कह रहे आप ?

डॉक्टर : शैतान भी इतना घटिया नहीं सोच सकता ...क्यूँ, ऐसी मायावी अश्लील चीज को यहाँ मेज पर सजा कर इस जगह का माहौल खराब किया जाये।

लड़का : आपका कला को इस नजरिये से देखने का तरीका बड़ा अजीब है डॉक्टर! क्यों? एक बार देखिये तो! कितनी सुन्दरता और लालित्य है इसमें कि आत्मा श्रद्धा से भर जाये और गला रुंध जाये! जो भी ऐसा सौन्दर्य देखेगा इस दुनिया को भूल जायेगा... देखिये ...कैसा बहाव है, क्या माहौल है, क्या भाव है!

डॉक्टर : मैं ये सब अच्छी तरह समझता हूँ, बेटा पर मैं घर गृहस्थी वाला हूँ, मेरे बाल–बच्चे यहीं दौड़ते रहते हैं, महिलाएं आती हैं।

लड़का : यकीनन यदि आप आम लोगों की नजर से इसे देखेंगे तो ये नायाब कलाकृति आपको उस तरह की ही लगेगी... लेकिन, डॉक्टर आप भीड़ से उपर उठिए, ना करने से, खासकर आप ममा और मुझे आहत करेंगे। मैं अपनी माँ का इकलौता बेटा हूँ... आपने मेरी जान बचाई है... हम अपनी जिंदगी का सबसे कीमती तोहफा आपको दे रहे हैं ...और बस एक ही दुख है आपको देने के लिए इसकी जोड़ी मेरे पास नहीं है...

डॉक्टर : धन्यवाद, मेरे दोस्त, मैं बहुत शुक्रगुजार हूँ... लेकिन जरा समझो, मेरे बच्चे, महिलाएं आती ...खैर! रहने दो तुमसे बहस नहीं की जा सकती।

लड़का : बहस की कोई बात ही नहीं है। (लड़का कैंडल स्टैंड को मेज पर रखता है) कितने दुःख की बात है हमारे पास इसकी जोड़ी नहीं है! बड़े दुःख की बात है! खैर, नमस्ते, डॉक्टर।

डॉक्टर : है तो कमाल की चीज कोई दो राय नहीं इसमें, इसको फेंकना ठीक नहीं होगा... पर मैं इसे रख भी तो नहीं सकता ...हम्म! यही तो मुश्किल है, किसे तोहफे में दूं, या किसको चंदे में दे सकता हूँ! बेहतरीन (कैंडल स्टैंड ले कर अपने वकील दोस्त के के पास जाता है)

वकील : हलो डॉक्टर! आओ आओ

डॉक्टर : कैसे हो तुम, तुमसे मिलने चला आया... तुम मेरे सारे अदालती मामले बड़े अच्छे से संभालते हो उसके लिए शुक्रिया... पैसे तुम लोगे नहीं कम से कम ये ले लो ...देखो मेरे दोस्त ...क्या कमाल की चीज है!

वकील : क्या नमूना है! सोचो उनके बारे में जिन्होंने ऐसी कल्पना की खुराफाती! अति सुन्दर! दिलकश! कहाँ से लाये हो तुम ये ऐसी रमणीक चीज? बस ले जाओ इसे अपने साथ... मेरे दोस्त ...मैं इसे नहीं रख सकता।

डॉक्टर : पर क्यों?

वकील : क्यों ...क्योंकि मेरी माँ अक्सर यहाँ आती हैं, मेरे मुवक्किल... और इसके आलावा नौकर देखंगे तो मुझे कितनी शर्म आयेगी।

डॉक्टर : बकवास! बकवास! मना करने की हिम्मत मत करना! तुम कितने गंदे हो! ये कलाकृति है!... क्या बहाव है ...क्या भाव है! मुझे इस बारे में बात ही नहीं करनी! न करोगे तो मेरा अपमान होगा। (तेजी से जाता है)

वकील : (चिल्ला कर) अरे कोई इस पर पलस्टर कर देता या अंजीर की पत्तियां ही चिपका देता... (कैंडल स्टैंड को देख कर) अच्छी चीज है इसे फेंकना ठीक नहीं होगा और रखना भी ठीक नहीं है। सही होगा इसे किसी को तोहफे में दे दिया जाये? (चुटकी बजा कर) बेहतरीन! (अखबार में लपेट कर एक्टर मित्र को भेज देता है)

(ग्रीनरूम पुरुषों से भरा हुआ है सभी तोहफे देख कर छू कर तारीफ कर रहे हैं, जोश में घोड़े की तरह हिनहिनाहट जैसी हंसी की आवाजें आ रही हैं तभी स्त्री की आवाज– क्या मैं अन्दर आ सकती हूँ?)

एक्टर : (भारी आवाज में) नहीं, नहीं, डिअर मैंने कपड़े नहीं पहने हैं। (हेयर ड्रेसर से) क्या करूँ मैं इस बेहूदा चीज का? मैं अकेला रहता हूँ, एक्ट्रेस और प्रसंशक मिलने आते रहते हैं! फोटो तो है नहीं कि दराज में रख दूं।

हेयर ड्रेसर : बेहतर होगा कि आप इसे बेच दें, यहीं पास ही एक बूढी महिला हैं जो कांसे की बनी चीजों का कारोबार करती है, आप किसी से भी पूछ लीजियेगा।

एक्टर : दरअसल तुम ठीक कह रहे हो। (एग्जिट)

डॉक्टर अपने अपने कमरे में हैं। तभी लड़का अखबार में लिपटी हुई कोई चीज ले कर आता।

लड़का : डॉक्टर! आप अंदाजा लगाइए मैं कितना खुश हूँ. आपके लिए उस कैंडल स्टैंड की जोड़ी ढूँढने में हम कामयाब हो गए ममा बहुत खुश है... मैं अपनी माँ का इकलौता बेटा हूँ ...और आपने मेरी जान बचायी है...

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 8

(The Doctor is sitting in his room. The boy comes in holding something wrapped up in the newspaper.)

Doctor : Ah! how are you feeling? What good news have you for me?

Boy : Mamma sends her greetings to you doctor , and told me to thank you. . . . I am the only son of my mother and you have saved my life . . . You have brought me through a dangerous illness and . . . we do not know how to thank you.

Doctor : Oh come on! I only did what anyone else would have done in my place.

Boy : I am the only son of my mother . . . We are poor people and cannot of course repay you, and we are quite ashamed, doctor, although, however, mamma and I . . . the only son of my mother, earnestly beg you to accept in token of our gratitude . . . this object, which . . . An object of great value, an antique bronze. . . . A rare work of art.

Doctor : You shouldn't ! What's this for!

Boy : No, please do not refuse, (boy keep talking and unpacking the parcel) You will wound mamma and me by refusing. . . . It's a fine thing . . . an antique bronze. . . . It was left us by my deceased father and we have kept it as a precious souvenir. My father used to buy antique bronzes and sell them to connoisseurs . . . Mamma and I keep on the business now. (Boy puts the old bronze candel stand on the table.)

Doctor : (The doctor slowly scratched behind his ear, cleared his throat) Yes, it certainly is a fine thing, but . . . how shall I express it? . . . it's . . . h'm . . . it's not quite for family reading.

Boy : How do you mean?

Doctor : The serpent-tempter himself could not have invented anything worse. . . . Why, to put such a phantasmagoria on the table would be defiling the whole flat.

Boy : What a strange way of looking at art, doctor! Why, look at it! There is so much beauty and elegance that it fills one's soul with a feeling of reverence and brings a lump into one's throat! When one sees anything so beautiful one forgets everything earthly. . . . look, how much movement, what an atmosphere, what expression!

Doctor : I understand all that very well, my dear boy, but you know I am a family man, my children run in here, ladies come in

Boy : Ofcourse if you look at it from the point of view of the crowd, then this exquisitely artistic work may appear in a certain light. . . . But, doctor, rise superior to the crowd, especially as you will

wound mamma and me by refusing it. I am the only son of my mother, you have saved my life. . . . We are giving you the thing most precious to us and . . . and I only regret that I have not the pair to present to you. . .

Doctor : Thank you, my dear fellow, I am very grateful . . . but really consider, my children run in here, ladies come. . . . However, let it remain! I see there's no arguing with you.

Boy : There is nothing to argue about, (boy Puts the candlestick) What a pity we have not the pair to it! It is a pity! Well, good-bye, doctor.

Doctor : It's a superb thing, there's no denying it, would be a pity to throw it away. . . . But it's impossible for me to keep it. . . . H'm! . . . Here's a problem! To whom can I make a present of it, or to what charity can I give it? Excellent (Snaps, picks the candle stand and goes to lawyer friend)

Lawyer : Hello Doctor welcome welcome.

Doctor : How are you, I have come to see you ...you manage all my legal issues thank you for your efforts. You won't take money so you must at least accept this thing here ...see my dear friend ....the things is magnificent!

Lawyer : What a specimen! Think of them imagining such a thing, the devils! Exquisite! Ravishing! Where did you get hold of such a delightful thing? Only you must carry off your present, my friend. . . . I can't take it. . . .

Doctor : But Why?

Lawyer : Why . . . because my mother is here at times, my clients . . . besides I should be ashamed for my servants to see it.

Doctor : Nonsense! Nonsense! Don't you dare to refuse! It's piggish of you! It's a work of art! . . . What movement. . . What expression! I won't even talk of it! You will offend me! (leaves hurriedly)

Lawyer : (shouts)If one could plaster it over or stick on fig-leaves . . . (looking at candle stand) It's a fine thing and it would be a pity to throw it away and improper to keep it. The very best thing would be to make a present of it to someone. . . . What to do ? (snaps) yes ! . (wraps it up with newspaper and sends to his Actor friend)

(Actor's *Greenroom was filled by men coming to admire the present the dressing-room was filled with the hum of enthusiasm and laughter like the neighing of horses. Voice of female, May I come in)*

Actor : (Husky voice) No, no, dear, I am not dressed! What am I to do with the horrid thing? I live in a private flat! Actresses and fans come and see me! It's not a photograph that you can put in a drawer!

Hairdresser : You had better sell it, sir, There's an old woman living about here who buys antique bronzes. Go and enquire for. . . everyone knows her.

Actor : Actually you right.

(The doctor was sitting in his consulting-room, All at once boy comes into the room. Happily. In his hands he held something wrapped up in newspaper.)

Boy : Doctor! imagine my delight! Happily for you we have succeeded in picking up the pair to your candelabra! Mamma is so happy. . . . I am the only son of my mother, you saved my life. . .

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 9

(जैक आ जाता है। उसे देखते ही वह चुप हो जाता है, बास्केट के बटन बंद कर लेता है। ठुड्डी पर उस्तरा लग गया है। उसे दबा लेता है।)

जैक : (उन दोनों के बीच में बैठकर और प्रसन्न मुख बनने की इच्छा करके) खेद है मुझे देर हो गई। (प्यालों को अरुचि से देखकर) मम्मा, मुझे तो चाय दीजिये। मेरे नाम का कोई खत है?

(बार्थिविक इसे खत दे देता है)

यह क्या बात है, इसे खोल किसने डाला? मैं आप से कह चुका मेरे खतों....

बार्थिविक : (लिफाफे को छूकर) मेरा खयाल है यह मेरा खत है यह मेरा ही नाम है।

जैक : (खिन्न होकर) आप ही का नाम तो मेरा भी नाम है। इसे मैं क्या करूँ।

(खत पढ़ता है और बड़बड़ाता है)

बदमाश।

बार्थिविक : (उसे देखकर) तुम इतने सस्ते छूटने के लायक नहीं हो।

जैक : क्या अभी आप मुझे काफी नहीं कोस चुके।

मिसेज बार्थिविक : क्या उसे दिक् करते हो जान। कुछ नाश्ता कर लेने दो।

बार्थिविक : अगर मैं न होता तो जानते हो तुम्हारी क्या दशा होती? यह संयोग की बात है–मान लो तुम किसी गरीब आदमी या क्लर्क के घर होते। तुम्हारी सारी जिन्दगी बिगड़ जाती। अगर तुम्हारे यही ढंग है तो ईश्वर ही मालिक है। मैं तो ऐसी बातों से हमेशा ही दूर रहा।

जैक : आपके हाथ में हमेशा रुपये रहते होंगे। अगर आपके पास रुपये का ढेर हो तो फिर इसकी जरूरत–

बार्थिविक : मेरी हालत ठीक इसकी उल्टी थी। मेरा बाप कभी इतने अधिक पैसे नहीं देता था.

जैक : आपको कितना मिलता था?

बार्थिविक : इसमें कोई सार नहीं है। सवाल है, क्या तुम अनुभव करते हो कि तुमने कितना बड़ा अपराध किया है।

जैक : यह सब मैं नहीं जानता। हाँ, अगर आपका खयाल है कि मैंने बेजा किया तो मुझे दुःख है। मैं तो यह पहले ही कह चूका हूँ। मगर मैं पैसे–पैसे को मोहताज न होता तो कभी ऐसा काम न करता।

बार्थिकविक : चालीस पौंड में से अब कितने बचे रहे?

जैक : (हिचकिचाता हुआ) ठीक याद नहीं मगर ज्यादा नहीं.

बार्थिविक : आखिर कितना?

जैक : (उदण्डता से) एक पैसा भी नहीं बचा।

बार्थिविक : क्या?

जैक : मारे दर्द के सिर फटा जाता है.

(अपने हाथ पर सिर झुका लेता है)

मिसेज बार्थिविक : सिर में दर्द कब से होने लगा बेटा? कुछ नाश्ता तो कर लो।

जैक : (सांस खींचकर) बड़ा दर्द हो रहा है.

मिसेज बार्थिविक : क्या उपाय करूँ? मेरे साथ आओ बेटा। मैं तुम्हें कुछ देती हूँ सारा दर्द तुरंत दूर हो जाएगा। (दोनों कमरे से चले जाते हैं और बार्थिविक खत को फाड़ कर अंगीठी में डाल देता है। इतने में मारलो आ जाता है और चारों और आंखें दौड़ाकर जाना चाहता है।)

बार्थिविक : क्या है मारलो? क्या खोज रहे हो?

मारलो : मि. जॉन को देख रहा था।

बार्थिवक : मि. जॉन से क्या काम है?

मारलो : मुझे लगा शायद यहाँ हो.

बार्थिविक : (संदेह के भाव से) हाँ, लेकिन उनसे तुम्हें क्या काम है?

मारलो : (लापरवाही से) एक औरत आई है। कहती है उनसे कुछ कहना चाहती हूँ।

बार्थिविक : औरत! इतने सवेरे! कैसी औरत है?

मारलो : (स्वर में बिना कोई भाव लाये) कह नहीं सकता हुजूर। कोई खास बात नहीं। मुमकिन है कुछ माँगने आई हो। मेरा खयाल है कोई खैरात माँगने वाली है।

बार्थिविक : क्या उसने औरतों के से कपडे पहने है?

मारलो : जी नहीं, मामूली कपडे पहने है?

बार्थिविक : कुछ मांगना चाहती है?

मारलो : जी नहीं.

बार्थिविक : तुम उसे कहाँ रखा है?

मारलो : बड़े कमरे में हुजूर।

बार्थिविक : बड़े कमरे में। तुम कैसे जानते हो कि वह चोरनी नहीं है? घर को कुछ टोह लेने आई हो?

मारलो : मुझे ऐसी तो नहीं लगती।

बार्थिविक : खैर, यहाँ लाओ मैं खुद मिलूंगा.

(मारलो चुपके से सिर हिलाकर भय प्रकट करता चला जाता है। जरा देर में एक पिले मुख युवती को साथ लिए लौटता है। उसकी आँखें काली है, चेहरा सुन्दर है, कपडे तरहदार है और काले रंग के। लेकिन कुछ फूहड़ है। सिर पर एक काली टोपी है जिस पर सफेद किनारी है।

मि. बार्थिविक को देखकर वह हक्का बक्का हो जाती है। मारलो चला जाता है।)

अपरिचित स्त्री : माफ कीजिएगा। कुछ भूल हो गई है।
(वह जाने के लिए न घूमती है)

बार्थिवक : आप किससे मिलना चाहती हैं?

अपरिचित स्त्री : (रुककर और पीछे देखकर) मैं मिस्टर जॉन बार्थिविक से मिलना चाहती थी।

बार्थिविक : जॉन बार्थिवक मेरा बेटा है। मुझसे कहिए मैं क्या कर सकता हूँ आपके लिए?

अपरिचित : जी– मैं यह नहीं (आँखे झुका लेती है। बार्थिविक उसे ध्यान से देखता है।)

बार्थिविक : शायद आप मेरे बेटे से मिलना चाहती हैं?

अपरिचित : (जल्दी से) हाँ –हाँ यही बात है।

बार्थिविक : पूछ सकता हूँ कि मुझे किससे बातें करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है?

अपरिचित : (उसके मुख पर विनय और आग्रह का भाव दिखाई देता है) मेरा नाम है– मगर जरूरत ही क्या है। मैं कोई झमेला नहीं करना चाहती। मैं जरा एक मिनट के लिए आपके बेटे से मिलना चाहती हूँ।

बार्थिविक : (अपनी बेचौनी को दबाकर) मेरे बेटे की आज तबियत कुछ खराब है। अगर जरूरत हो तो मैं आपका काम कर सकता हूँ। आप अपनी जरूरत बयान करें।

अपरिचित : जी– लेकिन मेरा उनसे मिलना जरुरी है। मैं इसी इरादे से आयी हूँ। मैं कोई झमेला नहीं करना चाहती, लेकिन बात यह है– रात को– आपके बेटे ने उड़ा दी – उन्होंने मेरी
(रूक जाती है)

बार्थिविक : (कठोर स्वर में) हाँ, हाँ, कहिए, क्या?

अपरिचित : वह मेरा बटुआ उठा ले गए।

बार्थिविक : आपका बटुआ

अपरिचित : मुझे बटुए की चिंता नहीं है। उसकी मुझे जरूरत नहीं। मैं सच कहती हूँ, मेरा इरादा बिलकुल नहीं हैं कि कोई झमेला हो.
(उसका चेहरा कांपने लगता है)

लेकिन–लेकिन– मेरे सब रूपए उसी बटुए में थे।

बार्थिविक : किस चीज में– किस चीज में?

अपरिचित : मेरे बटुए में एक छोटी सी थैली रखे हुए थे लाल रंग की रेशमी थैली थी। सच कहती हूँ। लेकिन मुझे रूपए मिलने चाहिए कि नहीं?

बार्थिविक : क्या आपका यह मतलब है कि मेरे बेटे ने –?

अपरिचित : जी, समझ लीजिए, वह अपने... मेरा मतलब कि वह–

बार्थिविक : मैं आपका मतलब नहीं समझा।

अपरिचित : (अपने पैर पटकते मोहक भाव से मुस्कुराती है) ओह! आप समझते नहीं– वह पिए हुए थे। मुझसे तकरार हो गई।

बारथिविक : (इसे बेशर्मी की बात समझकर) कैसे? कहा?

अपरिचित : मेरे घर पर! वहाँ एक दावत थी, और आपके सुपुत्र–

बार्थिविक : (घंटी बजाकर) मैं पूछ सकता हूँ कि आपको यह घर कैसे मालूम हुआ? क्या उसने अपना नाम और पता बतला दिया था?

अपरिचित : (नजर फेरकर) मैंने उनके ओवर कोट से निकाल लिया।

बार्थिविक : (मुस्कराहट के साथ) अच्छा। आपने उसके ओवरकोट से निकाल लिया वह इस वक्त इस प्रकाश में आपको पहचान जायेगा?

अपरिचती : पहचान जायेगा? क्या इसमें कोई शक है।

(मारलो आता है)

बार्थिविक : मि. जॉन से कहो नीचे आयें।

(मारलो चला जाता है और बार्थिविक बेचैन होकर कमरे में टहलने लगता है।)

आपकी और उसकी जान पहचान कितने दिन से है?

अपरिचित : केवल – केवल गुडफ्राइडे से।

बार्थिविक : मेरी समझ में नहीं आता, मैं फिर कहता हूँ, मेरी समझ में नहीं आता – (वह अपरिचित स्त्री को कनखियों से देखता है, जो आँखें नीची किए खड़ी हाथ मल रही है। इतने में जैक आ जाता है। उसे देख कर वह ठिठक जाता है और अपरिचित स्त्री सनकियों की भांति खिलखिला पड़ती है। सन्नाटा छा जाता है।)

बार्थिविक : (गंभीरता से) यह युवती– महिला कहती है कि रात को – क्यों श्रीमती जी, गई रात को ही न– तुमने इनकी कोई चीज उठा ली–

अपरिचित : (आतुरता से) मेरा बटुआ और मेरे सब पैसे उसी लाल रेशमी थैली में थे ।

जैक : बटुआ? (इधर–उधर ताकता है कि निकल भागने का मौका कहीं हो) मैं बटुआ क्या जानू।

बार्थिविक : (तेज आवाज में) घबराओं मत। तुम्हें गई रात को इन श्रीमती जी से मिलने से इंकार है?

जैक : इंकार। इंकार क्यों होने लगा? (स्त्री से धीमे स्वर में) तुमने मेरा नाम क्यों बतला दिया? तुम्हारे यहाँ आने की क्या जरूरत थी?

अपरिचित : (आँखों में आंसू भरकर) मैं सच कहती हूँ मैं नहीं चाहती थी – तुमने उसे मेरे हाथ से छीन लिया था। तुम्हें खूब याद होगा – और उस थैली में मेरे सब रूपए थे। मैं रात ही तुम्हारे पीछे आती, लेकिन मै कोई

उपद्रव नहीं मचाना चाहती थी, और देर भी बहुत हो गई थी– फिर तुम बिलकुल–

बार्थिविक : जाते कहाँ हो? बताओ क्या माजरा है?

जैक : (चिढ़कर) मुझे कुछ याद नहीं। (स्त्री से धीमी आवाज में) तुमने खत क्यों न लिख दिया

अपरिचित : (नाराज होकर) मुझे रुपयों की अभी इसी वक्त जरूरत है – मुझे आज मकान का किराया देना है.

(बार्थिविक की तरफ देखती है) गरीबों पर दांत लगाए रहते हैं।

जैक : सचमुच मुझे तो कुछ याद नहीं। रात की कोई बात मुझे याद नहीं है।

(सिर पर हाथ रखता है)

बादल सा छा गया है। और सर में दर्द भी जोर का हो रहा है।

अपरिचित : लेकिन आपने रुपये तो लिये थे। यह आप नहीं भूल सकते। आपने कहा भी था कि कैसा चरका दिया.

जैक : खैर, तो यहीं होगा। हां, अब मुझे कुछ – कुछ याद आ रहा है। मगर मैंने उसे लिया ही क्यों था?

बार्थिविक : हाँ, तुमने लिया ही क्यों, यही तो मैं पूछता हूँ

(वह तेजी से खिड़की की तरफ घूम जाता है)

अपरिचित : (मुस्कुराकर) तुम अपने होश में न थे, ठीक है न

जैक : (शर्म से मुसकुराकर) मुझे बहुत खेद है, लेकिन अब मैं क्या कर सकता हूँ?

बार्थिविक : हाँ, कर सकते हो तुम उसका पैसा लौटा सकते हो।

जैक : मैं जाकर तलाश करता हूँ, लेकिन सचमुच मेरे पास पैसे है नहीं।

(वह जल्दी से चला जाता है, और बार्थिविक एक कुर्सी रख कर उस स्त्री को बैठने का इशारा करता है। तब ओठ सिकोड़े हुए वह खड़ा हो जाता है और उसे ध्यान से देखता है। वह बैठ जाती है और उसकी तरफ दबी हुए आँख से देखती है। तब वह घूम जाती है और नकाब खींचकर चोरी से अपनी आंखें पोछती है। इतने में जैक आ जाता है।)

जैक : (खाली बटुए को दिखाता हुआ खिन्न भाव से) यही है न? मैंने चारों तरफ छान डाला थैली कहीं नहीं मिलती, तुम्हें ठीक याद है, वह इस बटुए में थी?

अपरिचित : (आँखों में आंसू भरकर) याद? हाँ,खूब याद है, लाल रंग की रेशमी थैली थी। मेरे पास जो कुछ था, सब उसी में था.

जैक : मुझे सचमुच बड़ा दुःख है, सिर में बड़ा दर्द हो रहा है। मैंने खिदमतगार से पूछा, लेकिन वह कहता है कि मैंने नहीं पाया।

अपरिचित : मेरे पैसे आपको देने पड़ेंगे।

जैक : ओह! सब सही हो जायेगा, मैं सब ठीक कर दूंगा। कितने पैसे थे?

अपरिचित : (खिन्न होकर) सात पौण्ड थे और 12 शिलिंग थे। वही मेरी कुल संपत्ति थी।

जैक : सब ठीक हो जायेगा। मैं तुम्हें एक चेक भेज दूंगा।

अपरिचित : (उत्सुकता से) नहीं साहब, मुझे अभी दे दीजिए जो कुछ मेरी थैली में था, वह सब दे दीजिए। मुझे आज किराया देना है, वे सब एक दिन भी नहीं मानेंगे। मैं पहिले ही पंद्रह दिन पिछड़ गईं हूँ।

जैक : मुझे बहुत दुःख है मैं सच कहता हूँ मेरे जेब में एक कौड़ी भी नहीं है।

(वह दबी आँखों से बार्थिविक को देखता है)

अपरिचित : (उत्तेजित होकर) चलिए चलिए, मैं न मानूंगी ये मेरे पैसे है और आपने ले लिये हैं। मैं बगैर पैसा लिया घर न जाउंगी, सब मुझे निकाल देंगे।

जैक : (सिर पकड़कर) लेकिन जब मेरे पास कुछ है ही नहीं तो दूँ क्या? मैं कह नहीं रहा हूँ कि मेरे पास एक कौड़ी भी नहीं है?

अपरिचित : (अपना रुमाल नोचकर) देखिए मुझे टालिए नहीं।

(विनय से दोनों हाथ जोड़ लेती है, तब एकाएक क्रोध में कहती है)

अगर तुम न दोगे, तो मैं दावा कर दूंगी, यह साफ चोरी है चोरी।

बार्थिविक : (बेचैनी से) जरा ठहर जाइए, न्याय तो यही है कि आपके पैसे दिए जाएं और मैं इस मामले को तय किए देता हूँ।

(पैसे निकालकर)

यह आठ पौण्ड है, बाकी पैसे, थैली की कीमत और गाडी का किराया समझ लीजिए। मुझे कुछ और कहने की जरूरत नहीं। धन्यवाद देने की भी कोई जरूरत नहीं।

(घंटी बजाकर चुपचाप दरवाजा खोल देता है, अपरिचित स्त्री पैसे को बटुए में रख लेती है और जैक की तरफ से बार्थिविक को देखती है। उसका मुख पुलकित हो उठता है, मुंह अपने हाथ से छिपा लेती है और चुपके से चली जाती है। बार्थिविक दरवाजा बंद कर देता है।)

बार्थिविक : (गंभीर भाव से) क्यों, कैसी दिल्लगी रही।

जैक : (विरक्त भाव से) संयोग की बात।

बार्थिविक : इस तरह चालीस पौण्ड उड़ गए। पहले एक बात फिर दूसरी बात। मैं एक बार फिर पूछता हूँ कि अगर मैं न होता, तो तुम्हारी क्या दशा होती? मालूम होता है, तुमने ईमान को ताक पर रख दिया। तुम उन लोगों में हो जो समाज के लिए कलंक है। तुम जो कुछ न कर गुजरो वह थोड़ा है। नहीं मालूम तुम्हारी माँ क्या कहेंगी। जहां तक मैं समझता हूँ तुम्हारे इस चलन के लिए कोई उज्र नहीं हो सकता। यह चित की दुर्बलता है। अगर किसी गरीब आदमी ने यह काम किया होता तो क्या तुम समझते हो, उसके साथ लेशमात्र भी क्या की जाती? तुम्हें इसका सबक मिलना चाहिए। तुम और तुम्हारी तरह के

और आदमी समाज के लिए विष फैलाने न वाले हैं। (क्रोध से) अब फिर कभी मेरे पास मदद के लिए मत आना। (क्रोध से) तुम इस योग्य नहीं हो कि तुम्हारी मदद की जाय।

जैक : (अपने पिता की ओर क्रोध से देखता है, उसके मुंह पर लज्जा या पश्चाताप का कोई भाव नहीं है।) अच्छी बात है, न आऊंगा। देखूं आप इसे कहाँ तक पसंद करते हैं। इस वक्त भी आप ने मेरी मदद न की होती, अगर आप के प्राण इस भय से न सुख न जाते की कहीं यह बात अखबारों में छप जाएगी। सिगरेट कहाँ है?

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 9

(JACK comes in, fastening his waistcoat and staunching a razor cut upon his chin.)

JACK : (Sitting down between them, and speaking with an artificial joviality.) Sorry I 'm late. [He looks lugubriously at the dishes.] Tea, please, mother. Any letters for me? (BARTHWICK hands the letter to him.) But look here, I say, this has been opened! I do wish you would n't——

BARTHWICK : (Touching the envelope.) I suppose I 'm entitled to this name.

JACK : (Sulkily.) Well, I can't help having your name, father! (He reads the letter, and mutters.) Brutes!

BARTHWICK : (Eyeing him.) You don't deserve to be so well out of that.

JACK : Haven't you ragged me enough, dad?

MRS. BARTHWICK : Yes, John, let Jack have his breakfast.

BARTHWICK : If you hadn't had me to come to, where would you have been? It's the merest accident—suppose you had been the son of a poor man or a clerk. Obtaining money with a cheque you knew your bank could not meet. It might have ruined you for life. I can't see what's to become of you if these are your principles. I never did anything of the sort myself.

JACK : I expect you always had lots of money. If you've got plenty of money, of course——

BARTHWICK : On the contrary, I had not your advantages. My father kept me very short of money.

JACK : How much had you, dad?

BARTHWICK : It's not material. The question is, do you feel the gravity of what you did?

JACK : I don't know about the gravity. Of course, I 'm very sorry if you think it was wrong. Have n't I said so! I should never have done it at all if I had n't been so jolly hard up.

BARTHWICK : How much of that forty pounds have you got left, Jack?

JACK : (Hesitating.) I don't know—not much.

BARTHWICK : How much?

JACK : (Desperately.) I haven't got any.

BARTHWICK : What?

JACK : I know I 've got the most beastly headache.

(He leans his head on his hand.)

MRS. BARTHWICK : Headache? My dear boy! Can't you eat any breakfast?

JACK : (Drawing in his breath.) Too jolly bad!

MRS. BARTHWICK : I'm so sorry. Come with me; dear; I'll give you something that will take it away at once.

(They leave the room; and BARTHWICK, tearing up the letter, goes to the fireplace and puts the pieces in the fire. While he is doing this MARLOW comes in, and looking round him, is about quietly to withdraw.)

BARTHWICK : What's that? What d 'you want?

MARLOW : I was looking for Mr. John, sir.

BARTHWICK : What d' you want Mr. John for?

MARLOW : (With hesitation.) I thought I should find him here, sir.

BARTHWICK : (Suspiciously.) Yes, but what do you want him for?

MARLOW : (Offhandedly.) There's a lady called—asked to speak to him for a minute, sir.

BARTHWICK : A lady, at this time in the morning. What sort of a lady?

MARLOW : (Without expression in his voice.) I can't tell, sir; no particular sort. She might be after charity. She might be a Sister of Mercy, I should think, sir.

BARTHWICK : Is she dressed like one?

MARLOW : No, sir, she's in plain clothes, sir.

BARTHWICK : Did n't she say what she wanted?

MARLOW : No sir.

BARTHWICK : Where did you leave her?

MARLOW : In the hall, sir.

BARTHWICK : In the hall? How do you know she's not a thief—not got designs on the house?

MARLOW : No, sir, I don't fancy so, sir.

BARTHWICK : Well, show her in here; I'll see her myself.

(MARLOW goes out with a private gesture of dismay. He soon returns, ushering in a young pale lady with dark eyes and pretty figure, in a modish, black, but

rather shabby dress, a black and white trimmed hat with a bunch of Parma violets wrongly placed, and fuzzy-spotted veil. At the Sight of MR. BARTHWICK she exhibits every sign of nervousness. MARLOW goes out.)

UNKNOWN LADY : Oh! but—I beg pardon there's some mistake—I (She turns to fly.)

BARTHWICK : Whom did you want to see, madam?

UNKNOWN : (Stopping and looking back.) It was Mr. John Barthwick I wanted to see.

BARTHWICK : I am John Barthwick, madam. What can I have the pleasure of doing for you?

UNKNOWN : Oh! I—I don't (She drops her eyes. BARTHWICK scrutinises her, and purses his lips.)

BARTHWICK : It was my son, perhaps, you wished to see?

UNKNOWN : (Quickly.) Yes, of course, it's your son.

BARTHWICK : May I ask whom I have the pleasure of speaking to?

UNKNOWN : (Appeal and hardiness upon her face.) My name is——oh! it does n't matter—I don't want to make any fuss. I just want to see your son for a minute. (Boldly.) In fact, I must see him.

BARTHWICK : (Controlling his uneasiness.) My son is not very well. If necessary, no doubt I could attend to the matter; be so kind as to let me know——

UNKNOWN : Oh! but I must see him—I 've come on purpose—(She bursts out nervously.) I don't want to make any fuss, but the fact is, last—last night your son took away—he took away my (She stops.)

BARTHWICK : (Severely.) Yes, madam, what?

UNKNOWN : He took away my—my reticule.

BARTHWICK : Your reti——?

UNKNOWN : I don't care about the reticule; it's not that I want—I 'm sure I don't want to make any fuss—(her face is quivering)—but —but—all my money was in it!

BARTHWICK : In what—in what?

UNKNOWN : In my purse, in the reticule. It was a crimson silk purse. Really, I wouldn't have come—I don't want to make any fuss. But I must get my money back—mustn't I?

BARTHWICK : Do you tell me that my son——?

UNKNOWN : Oh! well, you see, he was n't quite I mean he was

(She smiles mesmerically.)

BARTHWICK : I beg your pardon.

UNKNOWN : (Stamping her foot.) Oh! don't you see—tipsy! We had a quarrel.

BARTHWICK : (Scandalised.) How? Where?

UNKNOWN : (Defiantly.) At my place. We'd had supper at the——and your son——

BARTHWICK : (Pressing the bell.) May I ask how you knew this house? Did he give you his name and address?

UNKNOWN : (Glancing sidelong.) I got it out of his overcoat.

BARTHWICK : (Sardonically.) Oh! you got it out of his overcoat. And may I ask if my son will know you by daylight?

UNKNOWN : *Know me? I should jolly—I mean, of course he will! (MARLOW comes in.)*

BARTHWICK : Ask Mr. John to come down.

(MARLOW goes out, and BARTHWICK walks uneasily about.)

And how long have you enjoyed his acquaintanceship?

UNKNOWN : Only since—only since Good Friday.

BARTHWICK : I am at a loss—I repeat I am at a——

(He glances at this unknown lady, who stands with eyes cast down, twisting her hands And suddenly Jack appears. He stops on seeing who is here, and the unknown lady hysterically giggles. There is a silence.)

BARTHWICK : (Portentously.) This young—er—lady says that last night—I think you said last night madam—you took away——

UNKNOWN : (Impulsively.) My reticule, and all my money was in a crimson silk purse.

JACK. Reticule : (Looking round for any chance to get away.) I don't know anything about it.

BARTHWICK : (Sharply.) Come, do you deny seeing this young lady last night?

JACK : Deny? No, of course. (Whispering.) Why did you give me away like this? What on earth did you come here for?

UNKNOWN : (Tearfully.) I'm sure I didn't want to—it's not likely, is it? You snatched it out of my hand—you know you did—and the purse had all my money in it. I did n't follow you last night because I did n't want to make a fuss and it was so late, and you were so——

BARTHWICK : Come, sir, don't turn your back on me—explain!

JACK : (Desperately.) I don't remember anything about it. (In a low voice to his friend.) Why on earth could n't you have written?

UNKNOWN : (Sullenly.) I want it now; I must have, it—I 've got to pay my rent to-day. (She looks at BARTHWICK.) They're only too glad to jump on people who are not—not well off.

JACK : I don't remember anything about it, really. I don't remember anything about last night at all. (He puts his hand up to his head.) It's all—cloudy, and I 've got such a beastly headache.

UNKNOWN : But you took it; you know you did. You said you'd score me off.

JACK : Well, then, it must be here. I remember now—I remember something. Why did I take the beastly thing?

BARTHWICK : Yes, why did you take the beastly——(He turns abruptly to the window.)

UNKNOWN : (With her mesmeric smile.) You were n't quite were you?

JACK : (Smiling pallidly.) I'm awfully sorry. If there's anything I can do——

BARTHWICK : Do? You can restore this property, I suppose.

JACK : I'll go and have a look, but I really don't think I 've got it.

(He goes out hurriedly. And BARTHWICK, placing a chair, motions to the visitor to sit; then, with pursed lips, he stands and eyes her fixedly. She sits, and steals a look at him; then turns away, and, drawing up her veil, stealthily wipes her eyes. And Jack comes back.)

JACK : (Ruefully holding out the empty reticule.) Is that the thing? I 've looked all over—I can't find the purse anywhere. Are you sure it was there?

UNKNOWN : (Tearfully.) Sure? Of course I'm sure. A crimson silk purse. It was all the money I had.

JACK : I really am awfully sorry—my head's so jolly bad. I 've asked the butler, but he has n't seen it.

UNKNOWN : I must have my money—

JACK : Oh! Of course—that'll be all right; I'll see that that's all right. How much?

UNKNOWN : (Sullenly.) Seven pounds-twelve—it's all I 've got in the world.

JACK : That'll be all right; I'll—send you a cheque.

UNKNOWN : (Eagerly.) No; now, please. Give me what was in my purse; I've got to pay my rent this morning. They won't' give me another day; I'm a fortnight behind already.

JACK : (Blankly.) I'm awfully sorry; I really have n't a penny in my pocket.

(He glances stealthily at BARTHWICK.)

UNKNOWN : (Excitedly.) Come I say you must—it's my money, and you took it. I 'm not going away without it. They 'll turn me out of my place.

JACK : (Clasping his head.) But I can't give you what I have n't got. Don't I tell you I have n't a beastly cent.

UNKNOWN : (Tearing at her handkerchief.) Oh! do give it me! (She puts her hands together in appeal; then, with sudden fierceness.) If you don't I'll summons you. It's stealing, that's what it is!

BARTHWICK : (Uneasily.) One moment, please. As a matter of—-er —principle, I shall settle this claim. (He produces money.) Here is eight pounds; the extra will cover the value of the purse and your cab fares. I need make no comment—no thanks are necessary.

(Touching the bell, he holds the door ajar in silence. The unknown lady stores the money in her reticule, she looks from JACK to BARTHWICK, and her face is quivering faintly with a smile. She hides it with her hand, and steals away. Behind her BARTHWICK shuts the door.)

BARTHWICK : (With solemnity.) H'm! This is nice thing to happen!

JACK : (Impersonally.) What awful luck!

BARTHWICK : So this is the way that forty pounds has gone! One thing after another! Once more I should like to know where you 'd have been if it had n't been for me! You don't seem to have any principles. You—you're one of those who are a nuisance to society; you—

you're dangerous! What your mother would say I don't know. Your conduct, as far as I can see, is absolutely unjustifiable. It's—it's criminal. Why, a poor man who behaved as you've done —d' you think he'd have any mercy shown him? What you want is a good lesson. You and your sort are—(he speaks with feeling)—a nuisance to the community. Don't ask me to help you next time. You're not fit to be helped.

JACK : (Turning upon his sire, with unexpected fierceness.) All right, I won't then, and see how you like it. You would n't have helped me this time, I know, if you had n't been scared the thing would get into the papers. Where are the cigarettes?

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 10

(राजा, मन्त्री और नौकर लोग यथास्थान स्थित हैं)

सेवक : (चिल्लाकर) पान खाइए महाराज।

राजा : (पीनक से चौंक घबड़ाकर उठता है) क्या? सुपनखा आई ए महाराज। (भागता है)।

मन्त्री : (राजा का हाथ पकड़कर) नहीं नहीं, यह कहता है कि पान खाइए महाराज।

राजा : दुष्ट लुच्चा पाजी! नाहक हमको डरा दिया। मन्त्री इसको सौ कोड़े लगाएं।

मन्त्री : महाराज! इसका क्या दोष है? न तमोली पान लगाकर देता, न यह पुकारता।

राजा : अच्छा, तमोली को दो सौ कोड़े लगाएं।

मन्त्री : पर महाराज, आप पान खाइए सुन कर थोड़े ही डरे हैं, आप तो सुपनखा के नाम से डरे हैं, सुपनखा की सजा हो।

राजा : (घबड़ाकर) फिर वही नाम? मन्त्री तुम बड़े खराब आदमी हो। हम रानी से कह देंगे कि मन्त्री बेर बेर तुमको सौत बुलाने चाहता है। नौकर! नौकर! शराब।

नौकर : (एक सुराही में से एक गिलास में शराब उझल कर देता है।) लीजिए महाराज। पीजिए महाराज।

राजा : (मुँह बनाकर पीता है) और दे।

(नेपथ्य में–दुहाई है दुहाई–का शब्द होता है।)

कौन चिल्लाता है–पकड़ लाओ।

(दो नौकर एक फरियादी को पकड़ लाते हैं)

फरियादी : दोहाई है महाराज दोहाई है। हमारा न्याय होय।

राजा : चुप रहो। तुम्हारा न्याव यहाँ ऐसा होगा कि जैसा जम के यहाँ भी न होगा। बोलो क्या हुआ?

फरियादी : महाराजा कल्लू बनिया की दीवार गिर पड़ी सो मेरी बकरी उसके नीचे दब गई। दोहाई है महाराज न्याय हो।

राजा : (नौकर से) कल्लू बनिया की दीवार को अभी पकड़ लाओ।

मन्त्री : महाराज, दीवार नहीं लाई जा सकती।

राजा : अच्छा, उसका भाई, लड़का, दोस्त, आशना जो हो उसको पकड़ लाओ।

मन्त्री : महाराज! दीवार ईंट चूने की होती है, उसको भाई बेटा नहीं होता।

राजा : अच्छा कल्लू बनिये को पकड़ लाओ।

(नौकर लोग दौड़कर बाहर से बनिए को पकड़ लाते हैं) क्यों बे बनिए! इसकी लरकी, नहीं बरकी क्यों दबकर मर गई?

मन्त्री : बरकी नहीं महाराज, बकरी।

राजा : हाँ हाँ, बकरी क्यों मर गई–बोल, नहीं अभी फाँसी देता हूँ।

कल्लू : महाराज! मेरा कुछ दोष नहीं। कारीगर ने ऐसी दीवार बनाया कि गिर पड़ी।

राजा : अच्छा, इस मल्लू को छोड़ दो, कारीगर को पकड़ लाओ। (कल्लू जाता है, लोग कारीगर को पकड़ लाते हैं) क्यों बे कारीगर! इसकी बकरी किस तरह मर गई?

कारीगर : महाराज, मेरा कुछ कसूर नहीं, चूने वाले ने ऐसा बोदा बनाया कि दीवार गिर पड़ी।

राजा : अच्छा, इस कारीगर को बुलाओ, नहीं नहीं निकालो, उस चूनेवाले को बुलाओ।

(कारीगर निकाला जाता है, चूनेवाला पकड़कर लाया जाता है) क्यों बे खैर सुपाड़ी चूनेवाले! इसकी कुबरी कैसे मर गई?

चूनेवाला : महाराज! मेरा कुछ दोष नहीं, भिश्ती ने चूने में पानी ढेर दे दिया, इसी से चूना कमजोर हो गया होगा।

राजा : अच्छा चुन्नीलाल को निकालो, भिश्ती को पकड़ो। (चूनेवाला निकाला जाता है भिश्ती लाया जाता है) क्यों वे भिश्ती! गंगा जमुना की किश्ती! इतना पानी क्यों दिया कि इसकी बकरी गिर पड़ी और दीवार दब गई।

भिश्ती : महाराज! गुलाम का कोई कसूर नहीं, कस्साई ने मसक इतनी बड़ी बना दिया कि उसमें पानी जादे आ गया।

राजा : अच्छा, कस्साई को लाओ, भिश्ती निकालो।

(लोग भिश्ती को निकालते हैं और कस्साई को लाते हैं)

क्यौं बे कस्साई मशक ऐसी क्यौं बनाई कि दीवार लगाई बकरी दबाई?

कस्साई : महाराज! गड़ेरिया ने टके पर ऐसी बड़ी भेंड़ मेरे हाथ बेंची की उसकी मशक बड़ी बन गई।

राजा : अच्छा कस्साई को निकालो, गड़ेरिये को लाओ।

(कस्साई निकाला जाता है गंड़ेरिया आता है)

क्यों बे ऊखपौड़े के गडेरिया। ऐसी बड़ी भेड़ क्यौं बेचा कि बकरी मर गई?

गड़ेरिया : महाराज! उधर से कोतवाल साहब की सवारी आई, सो उस के देखने में मैंने छोटी बड़ी भेड़ का ख्याल नहीं किया, मेरा कुछ कसूर नहीं।

राजा : अच्छा, इस को निकालो, कोतवाल को अभी सरबमुहर पकड़ लाओ।

(गडेरिया निकाला जाता है, कोतवाल पकड़ा जाता है) क्यौं बे कोतवाल! तैंने सवारी ऐसी धूम से क्यों निकाली कि गड़ेरिये ने घबड़ा कर बड़ी भेड़ बेचा, जिस से बकरी गिर कर कल्लू बनियाँ दब गया?

कोतवाल : महाराज महाराज! मैंने तो कोई कसूर नहीं किया, मैं तो शहर के इन्तजाम के वास्ते जाता था।

मंत्री : (आप ही आप) यह तो बड़ा गजब हुआ, ऐसा न हो कि बेवकूफ इस बात पर सारे नगर को फूँक दे या फाँसी दे। (कोतवाल से) यह नहीं, तुम ने ऐसे धूम से सवारी क्यौं निकाली?

राजा : हाँ हाँ, यह नहीं, तुम ने ऐसे धूम से सवारी कयों निकाली कि उस की बकरी दबी।

कोतवाल : महाराज महाराज

राजा : कुछ नहीं, महाराज महाराज ले जाओ, कोतवाल को अभी फाँसी दो। दरबार बरखास्त।

(लोग एक तरफ से कोतवाल को पकड़ कर ले जाते हैं, दूसरी ओर से मंत्री को पकड़ कर राजा जाते हैं)

(पटाक्षेप)

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 10

(Kings Court Room)

(Kings , Ministers and others are sitting and standing at their places)

Servant : *(loudly)* have paan Maharaj.

King : *(Wakes up in fit)* What? Supankha is here Maharaj? *(runs)*

Minister : *(Holds his hand)* No No he is saying have paan Maharaj.

King : Wicked scoundrel evil! Frightend me unnecessarily. Minister! whip him hundred time.

Minister : Maharaj ! what is his fault? Neither tamoli would have given paan to him, nor he would have called you.

King : Ok, whip Tamoli two hundred times.

Minister : But Maharaj, you were not scared after hearing ' have Paan' you got frightened when you heard the name Supankha, therefore punish Supankha.

King : (Scared)Again the same name? Minister you bad person. I will tell the queen that minister wants me to bring another queen again and again. Servant! Servant! wine!

2 servants : (One pours the wine into glass another holds the glass and offers to the king) Have it Maharaj. Drink it Maharaj.

King : (Makes faces and drinks) Give me more.

(Voices from backstage - justice Maharaj, justice)

Complainant : Justice Maharaj! Justice. Do the justice.

King : Be quiet! you will get the type of justice which you will not even get from yam. Tell me what happened ?

Complainant : Maharaj, wall of Kallu baniya fell on my goat and she died. Maharaj do the justice.

King : (To servant) Catch and bring the wall of Kallu Baniya here.

Minister : Maharaj, wall cannot come here.

King : Ok, bring her brother, son, friend, lover whom so ever here.

Minister : Maharaj! wall is made of bricks and lime, it has no brother or Son.

King : Ok! Bring Kallu Baniya here.

(servants runs and bring kallu)

King : Hey you Baniye! Why did his throat no groat die ?

Minister : Maharaj! its Goat not groat.

King	:	Ok! goat, why did she die-say it or I will hang you.
Kallu	:	Maharaj! I am not at fault. Mason made such a wall that it fell down.
King	:	Ok! leave this Mallu, bring the mason here.(Kallu goes, mason is brought) Hey you Mason! how did his goat die?
Mason	:	Maharaj, I am not guilty. Lime maker mixed the material in such a way that wall fell down.
		(Mason leaves, lime maker is brought)
King	:	Hey you betel nut lime maker! how did his float die?
Lime maker	:	Maharaj! I am not be blamed, water carrier man poured so much water that mixture turned weak.
King	:	Ok! throw Chunnilal out. Catch water carrier. (He is thrown out, water carrier man is brought) Hey you water carrier! Ganga Jamuna Barrier! Why did you pour so much water that goat fell down and wall buried.
Water Carrier	:	Maharaj! this salve is not guilty, butcher made the carry bag so big that water flushed out in large quantity.
King	:	Ok! call butcher, take away this water carrier man.
		(people drag out the water carrier man and brings the butcher)
King	:	Hey you Butcher why did you made such a carry bag that wall mucked goat bunked.
Butcher	:	Maharaj! Herds man sold me such big sheep for one paisa that big carry bag was made.
King	:	Ok! Take this butcher out bring in herdsman. (herdsman is brought) Hey you herdsman of picket, why did you sell such a big sheep that goat died?
Herdsman	:	Maharaj! I got busy watching the ride of police chief and forgot to check the size of sheep. I am not guilty.
King	:	Ok! Take him away, call the police chief, fastened up now. (herdsman is taken away, police chief is caught) Hey you police chief! Why did you went for flamboyant ride, which stunned herdsman and he sold big sheep to herdsman, because of that goat fell and kallu baniya got buried?
Police Chief	:	Maharaj Maharaj! I didn't commit any crime, I went out to make some arrangements for our city.
Minister	:	(To self) This is strange calamity. I am afraid if this idiot blows or hangs the whole city for this thing. (To police chief) not about that, why did you went for such flamboyant ride?

King : Yes yes, not about that, why did you went for such flamboyant ride that his goat was buried?

Police Chief : Maharaj Maharaj..

King : Nothing, no Maharaj, Maharaj take him away, hang him now. Court dismissed

(People take the police chief out, king holds the minister and goes to the opposite side)

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 11

कोरस : शायद उस दिन बर्फ गिर रही थी, चार्ली महज एक साल का था जब उसके पिता घर छोड़कर किसी दूसरी औरत के पास रहने चले गए थे... चार्ली की माँ हान्ना के दिल पर भी बर्फ गिर रही थी, रिश्ते जब टूटते हैं तो खून उबलता नहीं है... खून जम जाता है। चार्ली का सहारा सिर्फ माँ थी और बड़े भाई सिडनी।... जो कि हान्ना के पहले पति की संतान था। गरीबी तो पहले ही बहुत थी मगर अब चार्ली के पिता की रही – सही मदद भी बंद हो गई थी। होश संभालते ही चार्ली लन्दन की सडकों पर अपने बड़े भाई सिडनी के साथ तमाशा दिखाने लग गया था। जब बचपन खुद न खेलकर खुद खेल दिखाना शुरू कर दे ...तो समझ लीजिए किस्मत अपना खेल दिखा रही है। बचपन जब सड़क पर तमाशा दिखाए तो समझिए कि खुदा से गलती हुई है, बचपन जब गुजारे के लिए तमाशे के बदले हाथ फैलाए तो जानिए कि हुकूमत बेखबर है– उसकी नियत में खोट है। कुल मिलाकर सबके बही खाते में गड़बड़ है।

(कोरस के दौरान चार्ली और सिडनी खेल दिखा रहे हैं और लोग तमाशा देखकर ताली पीटते हैं... और बिना पैसा फेंके चले जाते हैं। केवल एक आदमी एक शिलिंग फेककर चला जाता है।)

सिडनी : धत्त, कितने बेशर्म लोग हैं... खेल में पूरा मजा लेंगे... देने के नाम पे (चार्ली को शीलिंग दिखाते हुए) ये...

चार्ली : तो क्या इससे ब्रेड नहीं आएगी?

सिडनी : अफसोस कि आज फिर से नहीं खरीद पायेंगे...

चार्ली : तो फिर हम आज अंडा खुद नहीं खायेंगे, माँ को खिला देंगे... हम कहेंगे हमें किसी ने खाना खिला दिया...

सिडनी : हाँ सही कहते हो...

चार्ली : मगर...

सिडनी : मगर क्या?

चार्ली : मगर माँ के सामने हमारा झूठ हमेशा पकड़ा जाता है।

सिडनी : क्योंकि तुम्हारे चेहरे पर भूख हमेशा दिखाई देती है।

चार्ली : ओह... तुम्हारी कसम खाता हूँ सिडनी... मेरे चेहरे पर आज भूख दिखाई नहीं देगी...

सिडनी : कैसे छुपाओगे?

चार्ली : मुस्कुरा कर... मैं माँ के सामने मुस्कुराता रहूंगा ...मुस्कुराने से भूख दिखाई नहीं देती।

सिडनी : हाँ सच कहते हो ...मुस्कुराने से भूख दिखाई नहीं देती...

(दृश्य समाप्त होता है।)

कोरस : माँ बीमार रहने लगी थी और चार्ली भूख को छुपाकर मुस्कुराना सिखा रहा था। जैसे तैसे जब माँ की हालत संभली तो माँ ने थियेटर में गाना शुरू

कर दिया। चार्ली भी माँ के साथ ही थियेटर जाता था, ये 1894 में लन्दन की एक शाम थी...

(चार्ली की माँ हान्ना गा रही है–)

माँ : तुम अपने गरम कोट में चाँद छुपा लेना...

और उसे तुम मुझको कल तोहफे में देना.....

जब मैं तुमसे मिलने को आऊं...

जब मैं तुमसे मिलने को आऊं...

(अचानक माँ फिर से खाँसना शुरू कर देती है और खांसते खांसते बैठ जाती है। भीड़ शोर करने लगाती है। भीड़ में से कुछ आवाजें सुनाई पड़ती हैं।)

एक : अरे कुछ और नहीं है क्या... इसे दफा करो यहां से।

दो : इससे अच्छी तो बिल्ली की आवाज है।

तीन : मैनेजर हमें पैसा वसूल शो चाहिए। जाने कहाँ से इस बिमारी की पुड़िया को ले आए।

(भीड़ सीटियां और शोर मचाने लगाती है। मैनेजर हान्ना को खींचकर मंच के एक तरफ ले आता है।)

हान्ना : बस एक मौका और दो।.... मैं बहुत अच्छा गाऊँगी, मुझे पैसे की सख्त जरूरत है। मेरे बच्चे ने कल रात से कुछ नहीं खाया है मैनेजर...

मैनेजर : तभी तुम्हें ये काम सौंपा था। तुमने तो इतनी बेइज्जती करवा दी। एक तो कम्पनी की हालत पहले ही बदतर है।... ऊपर से...

(तभी पीछे से चार्ली आता है)

चार्ली : मैं गाऊं माँ ...?

हान्ना : तू क्या गाएगा मेरे बच्चे... ये लोग अब किसी की नहीं सुनेंगे...

(भीड़ में से कोई एक बोलता है)

आवाज : हमें हमारा पैसा चाहिए!

(पूरी भीड़ इस बात पर हल्ला करती है)

हान्ना : देखा ...ये लोग अब किसी की नहीं सुनेंगे...

मैनेजर : तुम तो चली जाओगी... और कल से यहां बचे–खुचे दर्शक भी नहीं आएंगे...

(हान्ना कुछ बोले इससे पहले ही चार्ली मंच पर चढ़ जाता है और गाने लगता है)

चार्ली : तुम अपने गरम कोट में सिक्का छुपा लेना

और उसे तुम मुझको अभी की अभी तोहफे में देना

मैं जब – जब गाना गाऊं

मैं जब – जब गाना गाऊं

(ये कहता हुआ चार्ली दर्शकों का अभिवादन करता है लोग खुश होते हैं और कुछ सिक्के मंच पर फेंकते हैं ये सब देखकर चार्ली गाना रोक देता है। भीड़ में से कोई कहता है–)

भीड़ में से कोई : अरे रुक क्यों गए... गाओ गाओ...

चार्ली : पहले ये जो सिक्के आपने उछाले हैं उन्हें बटोर लूँ ...फिर गाऊँगा...

(चार्ली की इस बात पर भीड़ जोर से हंसती है... चार्ली सिक्के बटोरने लगता है... मैनेजर चार्ली की मदद के लिए सिक्के उठवाने के लिए मंच पर आता है। चार्ली शक्की निगाहों से मैनेजर को देखता है और तेजी से सिक्के बटोरने लगता है। भीड़ ये देखकर और भी जोरों से हंसती है। चार्ली हाथ देकर मैनेजर को खड़ा करता है, मैनेजर खड़ा होता है और सिक्के जेब में डाल लेता है, चार्ली उसके पीछे छुप जाता है, मैंनेजर उसे ढूंढता हुआ चारों तरफ घूमता है... मगर चार्ली मैनेजर की पीठ से सटा हुआ घूम रहा है। मैनेजर थककर ब्लाक पर बैठने की कोशिश करता है पर चार्ली लात मारकर वो ब्लाक हटा हटा देता है। मैनेजर धड़ाम से गिरता है। हंसी से लोटपोट पागल भीड़ और भी सिक्के उछालती है, चार्ली फिर से उन्हें उठाने में लग जाताा है। मैनेजर भी और इस बार माँ भी सब सिक्के उठाकर दर्शकों के सामने अभिवादन करते हैं, दृश्य फ्रिज हो जाता है।)

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

SCENE NO : 11

Corus : Maybe it was snowing that day. Charlie was just a year old when his Father left home to live with another woman. .... It was snowing in Charlie's mother Hanna's heart too. When the relationship breaks, the blood doesn't boil …. The blood freezes. Charlie's only support was mother and elder brother Dasdani ..... who was the son of Hanna's previous husband. Poverty was already very much, but now the mere help from Charlie's father was also gone. As Charlie grew up he started performing on the streets of London with his brother. when child begins to showcase the game instead of playing, it is understood that destiny is playing its own game. when the child begins to perform on streets it is understood that its God's Mistake, When the child's hands spread for living in return of his spectacle it is understood that government is failing...its intentions are flawed. more over all the accounts are flawed.(During Corus Charlie and Dasdani are performing..people clap and leave without paying...one person throws a shilling and leaves)

Dasdani : How shame less ..they enjoy the game and in return (shows shilling to Charlie) ...this?

Charlie : Can't we buy bread from this?

Dasdani : No ...only one egg ..for three of us...you, me and mamma.

Charlie : How will we buy medicine for mumma.

Dasdani : Sad we won't be able to buy medicine for her also.

Charlie : Then we will not eat ...we will give egg to mamma ...we will tell her that somebody fed us today.

Dasdani : Yes ...you are right.

Charlie : But

Dasdani : But what?

Charlie : But mamma always finds out whenever we lie.

Dasdani : Because hunger reflects on your face.

Charlie : Oh! than I swear dasdani that ...today hunger won't show on my face .

Dasdani : How will you hide it?

Charlie : By smiling .. I will keep smiling in front of mamma...smile hides the hunger.

Dasdani : Yes ..you right smile hides the hunger.

(Scene ends)

Corus : Mother remained ill and Charlie was learning to hide hunger behind his smile. Some how mother got better and she started singing in theatre. Charlie accompanied her to theatre too. This was an Eve of 1894 in London.

Mother : You hide the moon in your coat ..and tomorrow gift it to me..when I will come to met you... when I will come to met you *(suddenly she starts coughing and sits. Crowd starts making Noise.)*

One : Is there nothing else to hear ..throw her out.

Two : Cat's voice is better than her's.

Charlie : Manager we want full entertainment, from where you have brought this sick dose of medicine.

(Crowd starts screaming. Manager Drags Hanna towards backstage)

Hanna : Give me one more chance...I will sing better. I need money ..my sons are hungry since last night manager...

Manager : That is why I hired you but you embarrassed me..Company is already in bad condition ..now this

(Charlie Enters)

Charlie : Can I sing mamma?

Hanna : How will you sing my son...these will not listen to any one.

(Someone from the Crowd)

Voice : We want our money back.

(Whole crowd makes noise at this comment)

Hanna : Did you see ...These people will not listen to any one.

Manger : You will leave ...and from tomorrow... not even single audience would come here.

(Before Hanna could stop Charlie , Charlie climbes the stage and starts singing.)

Charlie : You Hide the Coin in your Coat and gift it to me now just now gift it to me ....when I- when I Sing ... when I- when I Sing.

(Charlie bows while singing. Happy crowd throws coins on stage. Seeing this he stops singing. someone from the crowd-)

Voice : Hey why did you stopped...come on sing ..sing.

Charlie : First I will gathers all these coins thrown by you ...then I will sing

Scene No. 11

(Crowd laughs loudly, Charlie collects the coins, Manager comes on stage to help Charlie. Charlie stares at him doubtfully and starts collecting coins fast. Crowd laughs more loudly. Charlie tries to snatch money from the manager...tension builds up between them. manger falls down. Crowd laughs loudly. Charlie offers his hand. Manger stands up and puts the grabbed coins in his pocket. Charlie hides behind him. Manager moves around looking for him but Charlie moves along with him. Before Tired Manager could sits on the block Charlie strikes it off with his foot. Manager falls badly. Crowd laughs uncontrollably and throws more coins. Charlie begins to gather coins. Manager and Hanna joins too. After collecting all the coins bows in front of Audience).

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

SCENE NO : 12

नाटक : एकलव्य उवाच

द्रोणाचार्य की मूर्ति की सस्थापना का दृश्य संगीतमयी ध्वनियों के बीच उभरता है, एकलव्य द्रोण की प्रतिमा की स्थापना करता है, उसके समक्ष भांति–भांति के बाण रखता है। अपने कंधे पर तरकश धारण करता है। प्रतिमा को प्रणाम करता है। अपने धनुष पर बाण चढ़ाता है। गति संचालन एवं भंगिमाओं द्वारा धनुष – बाण से अभ्यास करने की विभिन्न मुद्राएं बनाता है। एकलव्य के इस गति – संचालन के समय गणेश एक प्रकाश वृत्त में दिखायी पड़ते हैं। गणेश अभ्यास करते हुए एकलव्य से बात करते हैं :

गणेश : कैसा अभ्यास चल रहा है एकलव्य...? क्या कोई लक्ष्य साध पाये...?

एकलव्य : बहुत मन लग रहा है अभ्यास में एकदंत ...जान गया हूँ कि इस विधा को अभ्यास से ही अर्जित किया जा सकता है... अभ्यास से ही ये आभास हुआ है कि लक्ष्य सामने नहीं बल्कि अपने भीतर होता है... जिसे एकटक देखना होता है अपलक... लक्ष्य पता रहे तो तीर वहाँ तक पहुँच ही जाता है सूंडधारी जी... बस एकटक देखते रहो, हर बार कुछ नया दिखायी देता है... नया ज्ञात होता है तो पुराना फिर से समझ में आता है... हठ पीछे छूट जाता है सूंडधारी जी... प्रत्येक दिन अविष्कार सा जान पड़ता है...

गणेश : समीप आओ तुम्हारे नेत्रों में वो चमक देखना चाहता हूँ, जो किसी देव के भाग्य में नहीं है एकलव्य..... बड़ा ही बोझिल होता है स्वर्ग का आनंद..... उनके लिये कुछ भी नया नहीं, कुछ भी अविष्कार नहीं.... देवों को सब ज्ञात है इसलिये उनका कोई लक्ष्य नहीं होता एकलव्य... समीप आओ मुझे तुम्हारे हर्षित मुख की शोभा देखनी है धनुर्धर।

अब एकलव्य गति संचालन छोड़ चुका है, गणेश के कहने पर वो उसके पास जाता है। एकलव्य को निहारते हुए–

गणेश : आह! क्या आभा है... आत्मविश्वास से सुशोभित ललाट.....

एकलव्य : आपको प्रसन्न देख बड़ी खुशी हुई सूंडधारी जी... लेखन कैसा चल रहा है?

गणेश : तुम्हें देखकर तो यही संकेत मिलता है कि कथा लेखन सही दिशा में जा रहा है...

एकलव्य : इसी बात पर दो मेरा लड्डू

गणेश (हँसते हुए) : अरे हाँ... अच्छा किया कि स्मरण करा दिया... कथा लिखने में इतना व्यस्त रहा कि भोग लगाने का समय ही नहीं मिलाय पिछले चार दिन में समस्त भारतवर्ष से बाईस लाख तीन हजार चार सौ दस किलोग्राम एवं छह सौ सात ग्राम मिष्ठान का भोग लगा है। आओ बैठकर आराम से खाते हैं... क्या पता बाद में समय मिले ना मिले...

एकलव्य : ओह... समय से याद आया... अभ्यास का समय हो गया... अगली बार मिला तो मिलकर खायेंगे... चलता हूँ...

जाने को होता है फिर से मुड़ता है –

एकलव्य : अरे हां, एक बात बताना तो भूल ही गया... मैंने एक उपाय ढूंढ लिया है...

गणेश : कैसा उपाय...?

एकलव्य : गुरु द्रोण जब राजकुमारों को शस्त्रविद्या देते हैं तो मैं दूर पेड़ पर चढ़ सब देखता हूँ..... ध्यानपूर्वक उनके हाव–भाव और संकेतों को समझने की कोशिश करता हूँ ...चलता हूँ...

गणेश जाते हुए एकलव्य को कहते हैं:

गणेश : दिस इज कॉल्ड डिस्टेंस एजुकेशन लर्निंग प्रोग्राम .....कीप इट अप बॉय...

एकलव्य जा चुका है और गणेश जब अंग्रेजी का संवाद बोल रहे हैं तब व्यास (लोटा लेकर) पीछे से आ जाते हैं... गणेश को यूँ बोलते देख व्यास जी विस्मय से भर उठते हैं।

व्यास : ये किस काल की भाषा में श्लोक कह रहे हैं गजानन...

गणेश : यह देववाणी है महर्षि... पृथ्वी पर स्थित, स्वर्ग से भी सुंदर यूनाइटेड स्टेट्स का देव जब अन्य तुच्छ एवं शूद्र देशों पर आग्नेयास्त्र छोड़ता है तो इसी देववाणी में बोलकर संपूर्ण जगत को भ्रमित... (अटक जाता है... फिर स्वाभाविक ढंग से)... अ... अ... सॉरी... आकर्षित करता है।

व्यास : अद्‌भुत! किन्तु इस सॉरी से आपका क्या तात्पर्य है...?

गणेश : क्षमा, ... मुनिवर।...,

व्यास : अकारण क्षमा – याचना...? जैसी आपकी इच्छा, मुझे तो याचनाएं सदैव ही लुभाती हैं लम्बोदर...

गणेश बमुश्किल अपनी झुंझलाहट को नियंत्रित करते हुए –

गणेश : क्षमा को देववाणी में सॉरी कहा जाता है मुनिवर...

व्यास : ओह... तो फिर आपने नाहक ही सॉरी क्यों कहा ?

गणेश इस बार अपने ऊपर नियंत्रण नहीं रख पाते –

गणेश : क्योंकि मैं संवाद बोलते– बोलते अटक गया था मुनिवर...

और भी आवेश में आते हुए –

कहें तो संवाद भी दोहराऊं –

यूनाइटेड स्टेट्स का देव जब विश्व के तुच्छ एवं शूद्र देशों पर आग्नेयास्त्र छोड़ता है तो इसी देववाणी में बोलकर समूचे जगत को भ्रमित,... सॉरी यानि क्षमाप्राथी हूँ कि मुझे भ्रमित के स्थान पर आकर्षित कहना था...

गणेश आवेश में कांप रहा है कि व्यास बोल पड़ते हैं।

व्यास : ओके... ओके... इट्स ऑल राइट... कूल... कूल लम्बोदर...

व्यास को यूँ देववाणी में बोलते हुए देख गणेश अचरज में पड़ जाते हैं।

व्यास : चकित न हों गणपति... भ्रमित करने में मेरा भी अथाह विश्वास है। कथा भटक रही है। वापस लौट चलें...?

गणेश : अवश्य मुनिवर,... एकलव्य दूरस्थ माध्यम से धनुर्विद्या सिख रहा है। जाने किस तरह वह द्रोणाचार्य के संकेतों को समझता है।

दृश्य बदलता है।

मंच के एक ओर अर्जुन खड़ा है, दूसरी ओर एकलव्य एवं बीच में द्रोणाचार्य।

द्रोण : तुम समझ रहे हो ना प्रिय अर्जुन...

उस वृक्ष को अर्जुन...

तुम्हे क्या दिखायी दे रहा है.....?

अर्जुन : एक चिड़िया...

उसके अतिरिक्त कुछ नहीं गुरुदेव...

एकलव्य : वहां तो एक वृक्ष है...

और उस पर भूरी चिड़िया...

चिड़िया अबोध है, मृत्यु को भी नहीं जानती...

द्रोण : बाण चलाओ अर्जुन...

चिड़िया के उड़ने से पहले...

अब वो आकाश को कभी ना देख पाये...

अर्जुन : वो नहीं देख पायेगी गुरुवर...

ये उसकी अंतिम घड़ी है...

वो अंतिम बार इस वन–प्रदेश को देख रही है...

एकलव्य : वो प्यासी है...

उसकी आँखें जल खोज रही हैं...

सूर्य के कोप से बचने के लिये...

वो कुछ घड़ी छाँव में बैठी है...

द्रोण : इसी क्षण उसने अपना बायां पंख फड़फड़ाया है...

वो उड़ने को आतुर है....

उसे एक शत्रु की तरह देखो अर्जुन...

पंख फिर से ना हिले...

अर्जुन : नेत्र कठोर हो गये हैं मेरे...

अब मुझे क्रोध आ रहा है...

बाण को कस के खिंच लिया है...

एकलव्य : उसने बांया पंख फड़फड़ाया है...

उड़ने की शक्ति शेष नहीं...

कोई गिद्ध उसके पीछे पड़ गया होगा...

अन्यथा वो इतनी थकी ना होती...

वो मरणासन्न है...

ठीक इसी क्षण,... उसकी चोंच खुल गयी है...

द्रोण : बाण में इतनी गति हो कि शत्रु के दो टुकड़े हो जायें...

अपनी तर्जनी और अंगूठे को पूरी शक्ति से भींच लो...

उसने अपने पंख खोल लिये हैं...

तुम एक क्षत्रिय हो अर्जुन.....

अर्जुन : आज्ञा दीजिये गुरुवर...

लक्ष्य नहीं चुकेगा...

मैं बाण छोड़ने को लालायित हूँ...

हवा में बिखरते उसके पंख देखना चाहता हूँ.....

एकलव्य : उसे अपने बच्चों का स्मरण है...

उनके लिये दाना लेने निकली थी...

गिद्ध पीछे पड़ा और वो दिशा भटक गयी...

सहसा भाव बदलते हुए–

उसकी आँखों में ये चमक कैसी...

उसे वृक्ष के कोटर में एकत्रित जल दीख पड़ा है...

अर्जुन लक्ष्य पर तैनात है...

वन देवी प्रकृति उसकी रक्षा करें.....

ओ...ह...वो उचक कर उस कोटर को देख रही है...

द्रोण : वो उचक कर बैठी है...

उसे उड़ने दो...

उड़ते पक्षी को लक्षित करो...

अभ्यास परिपक्व होगा...

तुम समझ रहे हो ना प्रिय अर्जुन...

अर्जुन बाण को अन्य दिशा में घुमाते हुए–

अर्जुन : वो उड़ गयी गुरुदेव...

वो अन्य वृक्ष की ओर जा रही है...

बाण चलाऊं गुरुदेव...

पछतावे के साथ–

वो उस कोटर में घुस गयी...

ओह... वो बाहर न निकल पायेगी...

एकलव्य : उसने जल पी लिया...

अब वो अपनी राह लेगी...

उसे अपने नन्हों के लिए अभी दाना चुगना है...

संध्या तक घोंसले में पहुँचना है...

गिद्ध के भय को साथ लिये...

ओह... अर्जुन कहीं उसे मार ना दे...

अर्जुन : मार गिराऊं गुरुदेव...

द्रोण : नहीं प्रिय अर्जुन...

वो जल ग्रहण कर रही है...

दीन है...

उस पर दया करो...

दीन पर दया दिखाने से वर्चस्व बना रहता है....

और वर्चस्व को बनाये रखने के लिये निर्दयी भी होना पड़ता है...

फिर चाहे वो दीन ही क्यों ना हो...

तुम समझ रहे हो ना प्रिय अर्जुन...

वो उड़ गयी...

अर्जुन पछतावे के साथ धनुष को झटकते हुए–

वो उड़ गयी...

एकलव्य (खुशी से) : वो उड़ गयी...

वो उड़ गयी....

खुशी के मारे एक पंछी की तरह उड़ता हुआ एकलव्य द्रोण की प्रतिमा के सामने पहुंचता है। नतमस्तक हो धनुष उठाता है। मंच के एक भाग मेंगुरु द्रोण अर्जुन को शस्त्र ज्ञान दे रहे हैं और मंच के दूसरे भाग में उन्हीं की प्रतिमा के सामने एकलव्य अभ्यासरत है..... गुरु द्रोण अर्जुन को जो निर्देश देते हैं, अर्जुन उनका अनुसरण करता हुआ प्रतीत होता है, जबकि एकलव्य इसके विपरीत, किन्तु यह आभास बना रहना चाहिए कि दोनों अलग–अलग स्थलों पर हैं। दृश्य को इस प्रकार लयबद्ध किया जा सकता है कि धनुष चलाते समय द्रोण अर्जुन के हाथों की अवस्था को ठीक करते हैं तत्पश्चात बाण चलाने को कहते हैं। अर्जुन जब भी विभिन्न मुद्रायें बनाकर बाण छोड़ता है तो उसका निशाना अचूक लगता है और गुरु द्रोण उसे आशीर्वाद देते हैं। दूसरी ओर एकलव्य का निशाना चूक जाता है तो वो निराश और बेचैन नजर आता है, फिर कुछ उपाय सूझता है और वो पुनः प्रयास करता है, बार–बार असफल होता है वहीं अर्जुन हर बार सफल। द्रोण किसी अन्य दिशा कि ओर संकेत करते हुए अर्जुन सहित मंच से प्रस्थान करते हैं। इधर एक विशेष भंगिमा बनाकर एकलव्य तीर चलाता है और मारे हर्ष के उछल पड़ता है क्योंकि उसका तीर निशाने पर लगा है–

SCENE NO : 12

(*Scene of consecration emerges with music , Idol of Dronacharya is being Installed. Eklavya installs the statue of Dronacharya, lays different types arrows in front of it. Wears a quiver on his shoulder. Bows in front of the idol. Anchors the arrow on the bow. Tries different movements ,positions and expressions. During this Activity Ganesh is seen in the spot light. Ganesh talks to Eklavya while Practices).*

Ganesh : How's the practice going on Eklavya? are you able to perfect the aim.

Eklavya : I am enjoying the practice Ekdant..I have come to know that this art can only be attained through practice. Practice taught me that aim not in front of you its within...you have to see it without a blink... if aim is known to you the arrow reaches there itself. Just focus, there is something new to see every time. New knowledge leads to the understanding of the old ..rigidness is left behind soondhdhari ji. Every day seems to be a discovery.

Ganesh : Come close, I want to see the shine in your eyes, which is not in the destiny of any God Eklavya ... Pleasure of heaven is very cumbersome...nothing is new for them, No innovation is new to them. Gods know everything therefore they are aimless Eklavya. Come close, I want to see the glow of your joyful face .. Archer.

(Eklavya leaves the movement Practice and moves close to Ganesh. beholds Eklavya-)

Ganesh : Ah ! what a glow... crown adorned with confidence ..

Eklavya : So glad to see you happy soondhdhari ji...how's writing going on?

Ganesh : After seeing you it seems that it is going in the right direction.

Eklavya : Then give me two laddu.

Ganesh : *(laughs)* Oh yesss..thanks for reminding me ..I was so busy in writing the story that I didn't get time to enjoy the offerings...Past four day whole bharatvarsh offered me twenty two thousand, four hundred ten kilograms and six hundred seven grams sweets...come let's sit comfortably and have them...don't know if we ever get time..

Eklavya : Oh ! that reminds me ..it's time to practice...maybe next time we will have it ... I will leave now.

(About to leave, suddenly turns back).

Eklavya : Oh! yes forgot to tell you one thing ..I have found the solution..

Ganesh : What solution?

Eklavya : When Guru Drona teaches armamentology to princes I climb up the tree to observe them from far...I try to understand their expressions and signs carefully ..I'll go now. *(leaves)*

Ganesh : *(To Eklavya)* This is called distance education learning program...keep it up boy..

(Eklavya exits, Ganesh is talking in English, Vyas enters with small pot. He is surprised to see Ganesh talking like that).

Vyas : From which era's Language you are saying shloka Gajanan..

Ganesh : This is divine language maharishi ...situated on earth, when the lord of beautiful than heaven united states launches missiles on other tiny-viny countries ..he speaks in this divine language to confuse the entire world *(stuck ..than naturally)* a..a...I am sorry...attracts.

Vyas : Wonderful..but what do you mean by Sorry?

Ganesh : Kshma ..munivar.

Vyas : Prayer for Kshma for no reason? As you wish..I have been always fond of prayers.. Lambodar.

(Ganesh tries to control his irritation)

Ganesh : Khsma means Sorry in the divine Language munivar.

Vyas : Oh! than why did you say sorry without any reason?

(Ganesh loses his control this time)

Ganesh : Because I got stuck while dialogue delivery.*(angrily)* Shall I Repeat - the lord of beautiful than heaven United States launches missiles on other tiny-viny countries ..He speaks in this divine language to confuse the entire world ..sorry mean Kshmaprarthi I should have said attract instead of confuse.

(Ganesh is trembling with anger)

Vyas : Ok ...ok...its alright...cool ..cool Lambodar.

(Ganesh is surprised to see vyas talking in divine language.)

Vyas : Don't feel surprised Ganapati... me too strongly believe in confusing others. Story is losing the track. Shall we return?

Ganesh : Sure munivar..Eklavya is learning Archery in Distance learning mode. Let see how he grasps the lessons of Drona.

(Scene changes Arjun is standing on one side, Eklavya on the other side and Dronacharya in centre.)

Dronacharya : Are you getting me dear Arjun...look at that tree..what do you see?

Arjun : The bird ..nothing else except it.. guru dev.

Eklavya : But there is tree and on that a brown bird ... bird is innocent, she unaware of death.

Dronacharya : Hit the arrow Arjun..before she fly away..She must never see the sky..

Arjun : She won't see Guruvar.. This is her last time..She will be witnessing this forest for the last time..

Eklavya : She is thirsty..her eyes are in search of water.. to save herself from the harshness of sun...she is sitting under the shade for a moment...

Dronacharya : She has just fluttered just her right wing ..she is eager to fly..look at her as enemy Arjun..her feathers must not move again.

Arjun : Eyes of mine are hardened...I am feeling angry now... Pulled and tightened the arrow...String is stretched and still...

Eklavya : She has fluttered her left wing ..no strength to fly is left.. Vulture must be after her..Otherwise she wouldn't have been so tired...She is moribund.. Right at this moment.. Her beak is opened...

Dronacharya : Speed of the arrow should be such that can split the enemy into two halves... Tighten up your index finger and thumb with full strength ..She has stretched her wings..you are Kshatriya Arjun..

Arjun : Command me Guruvar .. Target will not miss..I am yearning to leave the arrow ...Want to see her feathers scattered in the air...

Eklavya : Her children are in her thoughts ...Came out in search of grains..Vulture followed her and she lost her way...

(All of the sudden changes expression)

What is that shine in her eyes..?She has seen the water collected in the tree hollow …Arjun is focused at his target...May the Goddess of forest protect her ..oh..she is lunging to see the tree hollow..

Dronacharya : She just lunged and sat..Let her fly..Aim at flying bird .. practice perfection..Are you getting me Arjun...

(Arjun diverts the bow.)

She flew away Guruvar..She is moving toward other trees..Shall I strike the Arrow Guruvar..*(With regret)*She entered into that tree hollow..A...h ! She won't be able to come out ..

Eklavya : She drank the water...She will go on her way..She has to pick grains for her children...Had to reach her nest by the evening...Carrying the fear of valture..Oh! if Arjun kills her ...

Arjun : Shall I kill her Guruvar...

Dronacharya : No, dear Arjun..She is drinking water...She is weak..Be Kind to her..Hegemony can be maintained by showing mercy toward the week ..And to prevail the predominance one has be brutal too...Even against weak ..Are you getting me dear Arjun..She flew Away...

Arjun jerks off his bow with regret.

She flew away..

Eklavya : She flew away ..*(With joy)* She flew away ..

(Joyfully flying like a bird, Eklavya reaches to the idol of Dronacharya. Bow Down in front of it and picks up his Bow. On the one side of the stage Guru Drona is teaching Armametology to Arjun on the other side Eklavya is practicing in front of Drona's Idol. Arjun seems to follows the directions given by Drona and Eklavya doing the opposite. It should look like act is happening at two different locations. Scene can be synchronized in this manner. Dronacharya corrects the position of Arjun's hands and then asks him to strike an arrow. In all the different postures, whenever Arjun strikes the Arrow, it hits right on the target and Dronacharya blesses him. whereas Eklavya misses the target. He seems to be anxious and disheartened. He finds the solution and tries again. Again and again he fails but Arjun is Successful. Dronacharya guides Arjun towards some other point, both of them leave the stage. Eklavya makes the posture , strikes the arrow , hits the target successfully and he jumps with sheer Joy).

SCENE NO : 13

न्याय

(जेलखाने की पहली मंजिल के दालान का हिस्सा। दीवारें फीके हरे रंग से गहरे रंग की एक धारी तक रंगी हुई है जो मनुष्य के कंधे की ऊंचाई तक होगी। इसके ऊपर सफेदी की हुई है। जमीन काले पत्थरों की बनी हुई है। किनारे पर की एक खिड़की से रोशनी छनकर आ रही है। चार कोठरियों के दरवाजे नजर आ रहे हैं, आँख की ऊंचाई पर हर एक कोठरी के दरवाजे में एक छोटा झरोखा है जिस पर एक गोल ढंकना लगा है। उसको ऊपर से उठाने से कोठरी का भीतरी दृश्य दिखाई देता है। कोठरी के पास ही दिवार पर एक छोटा चौकोर तख्ता लगा है जिस पर कैदी का नाम है, नंबर और हाल लिखा है।)

ऊपर दो मंजिले तिमंजिले के दालानों के लोहे के छज्जे दिखाई दे रहे हैं।

वुडर (जमादार) एक कोठरी से बाहर निकल रहा है। उसके दाढ़ी है और नीली वर्दी पहने हुए है।

वुडर : (दरवाजे से कोठरी के अंदर बोलते हुए) जब यह कर लोगे तो मैं तुम्हें कुछ थोड़ा–सा काम और दूंगा.

ओक्लियरी : (नेपथ्य से) ठीक है हुजूर।

वुडर : (दोस्ताना अंदाज में) आखिर बैठकर क्या करोगे? कुछ न कुछ करना ही अच्छा है।

ओक्लियरी : यही तो मैं सोचता हूँ।

कोठरियों के बंद होने और ताला पड़ने का शब्द सुनाई देता है। फिर किसी के पैरों की आवाज सुनाई देती है।,

वुडर : (थोड़ी रुखाई के साथ) देखो, अच्छी तरह काम करो।

कोठरी का दरवाजा बंद करता है और तनकर खड़ा हो जाता है। दारोगा आता है, पीछे–पीछे वुडर है।,

दारोगा : कोई नई बात?

वुडर : (सलाम करके) 3007।

एक कोठरी की ओर इशारा करके,

काम में पीछे है, उसको आज नंबर नहीं मिल सकता।

दारोगा सिर हिलाता है और आखिरी कोठरी के पास जाता है।,

दारोगा : इन्हीं महाशय ने आरी बनायी है न ?

जेब में से आरी निकालता है, वुडर कोठरी का दरवाजा खोलता है, कैदी सिर पर टोपी लगाए बिस्तर पर सीधा लेटा नजर आता है। वह चौंक पड़ता और कोठरी के बीच में खड़ा हो जाता है। वह दुबला आदमी है, उम्र छप्पन वर्ष की, कान चमगादड़ की तरह डरावनी घूरती हुई और कठोर आँखें हैं।,

वुडर : टोपी उतारो, (मोनी टोपी उतारता है) बाहर आओ।

मोनी दरवाजे के पास आता है.,

दारोगा : (उसे दालान में निकल आने का इशारा करके जेब में से आरी निकालकर उसे दिखाते हुए इस ढंग से बोलता है जैसे कोई अफसर सिपाही से बात कर रहा हो) इसके बारे में कुछ कहना है ? बोलो।

मोनी चुप रहता है फिर पूछने पर बोलता है।,

मोनी : वक्त काट रहा था।

दारोगा : (कोठरी की ओर इशारा करके) काम काम है, क्या?

मोनी : जो है, उसमें मन नहीं लगता।

दारोगा : (आरी को खटखटाकर) तुम्हें अपने सोचने का ढंग बदलना चाहिए।

मोनी : (मुंह लटकाकर) और कौन सा ढंग? जब तक मैं यहां से न जाऊं, तब तक मुझे किसी न किसी काम में अपना वक्त काटना पड़ेगा। इस उम्र में और मेरे लिए रखा ही क्या है?

ज्यों–ज्यों जबान हिलती है वह नम होता जाता है।

आपको तो मालूम ही इस मियाद के बाद दो ही एक साल में मुझे फिर लौट आना पडेगा। मैं बाहर निकलकर अपनी बेइज्जती न कराऊंगा। जेल के कायदे से दुरुस्त रखने में आपको गर्व है। मुझे भी अपनी इज्जत प्यारी है।

यह देखकर कि दारोगा उसकी बातों को ध्यान से सुन रहा है वह आरी की ओर इशारा करके कहता है।,

कुछ थोड़ा–थोड़ा यह काम भी करता रहूं तो किसी का क्या बिगड़ता है? पांच हफ्तों से मैं इसे बना रहा था, शायद बुरा तो नहीं बना। अब शायद काल कोठरी मिलेगी, या सात दिन सिर्फ रोटी और पानी। आपके बस की बात नहीं। मैं जानता हूँ कायदे से आप भी लाचार हैं।

दारोगा : अच्छा, देखो मोनी अगर मैं इस बार तुम्हें माफ कर दूँ तो क्या तुम मुझसे वायदा कर सकते हो कि आगे तुम कभी ऐसा न करोगे? सोचो।

वह कमरे में घुसता है और उसके सिरे तक चला जाता है। फिर स्टूल पर चढ़कर खिड़की की सलाखों को आजमाता है।,

दारोगा : (लौटकर) क्या कहते हो?

मोनी : (जो सोच रहा था) अभी मुझे छः हफ्ते और यहाँ अकेले रहना है। वैसे मुमकिन है कि मैं बिना कुछ किए चुपचाप रहूं। कोई चीज जरूर चाहिए मेरा मन लगे। आपकी बड़ी दया है, लेकिन मैं कोई वायदा नहीं कर सकता। एक भले आदमी को धोखा नहीं देना चाहता।

कोठरी की ओर देखकर,

अगर चार घंटे और मिल जाते तो मैं इसे पूरा कर लेता।

दारोगा : तो उससे होता क्या? फिर पकड़ लिए जाते। यहां लाए जाते और सजा मिलती, पांच हफ्ते की सख्त मेहनत करने पर भी कोठरी में बंद रहना पड़ता। तुम्हारी खिड़की पर एक नई परत लगा दी जाती। मोनी क्या यह काम इस लायक है?

मोनी : (कुछ डरावने भाव से) हाँ, हाँ.

दारोगा : (हांथो से भौहों को खुजाते हुए) अच्छा दो दिन कोठरी और सिर्फ रोटी और पानी।

मोनी : धन्यवाद!

वह जानवर की भाँती घूमता है और अपने कमरे में घुस जाता है। दारोगा उसकी ओर देखता रहता है, और सिर हिलाता वुडर कोठरी को बंद करके ताला डालता है।,

दारोगा : क्लिप्टन की कोठरी खोलो।

वुडर क्लिप्टन की कोठरी खोलता है, क्लिप्टन ठीक दरवाजे के पास एक स्टूल पर बैठा हुआ पैजामा सी रहा है। वह नाटा, मोटा और अधेड़ है, सिर मुड़ा हुआ. धुंधले चश्में के पीछे छोटी और काली आँखें मानों बुझ रही हों। वह उठकर दरवाजे में चुपचाप खड़ा हो जाता है और आने वालों को घूरता है।,

दारोगा : (उसको बाहर जाने का इशारा कर) जरा एक मिनट के लिए बाहर आओ क्लिप्टन।

क्लिप्टन एक डरावनी खामोशी के साथ बाहर आता है, सुई–धागा उसके हाथ में है। दारोगा वुडर से इशारा करता है, वह जांच करने के लिए कोठरी के भीतर जाता है।,

दारोगा : तुम्हारी आँखें कैसी हैं?

क्लिप्टन : मुझे उनकी कुछ शिकायत करनी है। यहाँ सूरज के कभी दर्शन नहीं होते।

चोरों की तरह कदम उठाकर सिर बढ़ा देता है।,

मैं चाहता हूँ कि आप मेरे इस दूसरे कमरे के महाशय से कुछ कह दें कि वह जरा कुछ चुप रहा करें.

दारोगा : क्यों, क्या बात है? मैं चुगली नहीं सुनना चाहता क्लिप्टन।

क्लिप्टन : मैं नहीं जानता वह कौन है, मुझे तो उसके मारे नींद तक नही आती।

(उपेक्षा से)

शायद कोई वी. आई.पी. होगा। उसे हमारे साथ नहीं रखना चाहिए।

दारोगा : (शांत स्वर से) ठीक है क्लिप्टन जब कोई कोठरी खाली होगी तब वह हटा दिया जायेगा.

क्लिप्टन : सुबह – सुबह ही वह दरवाजों पर एकदम से चीखने–चिल्लाने लगता है, मानो कोई जंगली जानवर हो। मुझे बर्दाश्त नहीं होती। मेरी नींद खुल जाती है। शाम को भी यही हाल होता है। यह कोई अच्छी बात नहीं है। आप ही सोचिये। नींद के सिवा यहाँ और है क्या? वह मुझे पेट भर मिलनी चाहिए।

वुडर कोठरी से बाहर आता है। जैसे ही वह आता है क्लिप्टन किसी चोर की तरह झट से अपनी कोठरी में घुस जाता है।,

वुडर : सब ठीक है हुजूर।

दारोगा सिर हिलाता है, वुडर दरवाजे को बंद कर ताला लगाता है।,

दारोगा : वह कौन है जो सबेरे अपने दरवाजे पर शोर मचाता है और दरवाजे को पीटता है?

वुडर : (ओक्लियरी की कोठरी के पास जाकर) यह है, साहब.

वह ढकना उठाकर झरोखे में से भीतर देखता है.,

दारोगा : खोलो!

वुडर दरवाजा खोल देता है, ओक्लियरी दरवाजे के पास टेबल के सामने कान लगाए बैठा हुआ नजर आता है। दरवाजा खुलते ही वह उछलकर ठीक द्वार पर सीधा खड़ा हो जाता है। उसका चेहरा चौड़ा है, उम्र अधेड़ है, मुंह पतला, चौड़ी और गालों के ऊँची हड्डियों के नीचे गढे हो गए हैं।,

दारोगा : क्या मजाक है ओक्लियरी?

ओक्लियरी : मजाक हुजूर? मैंने तो बहुत दिनों से उसे नहीं देखा .

दारोगा : अपने दरवाजे पर शोर मचाना .

ओक्लियरी : ओ! वह!

दारोगा : इस तरह तो औरतें रोती हैं।

ओक्लियरी : और दो महीने से हो क्या रहा है?

दारोगा : कोई शिकायत है?

ओक्लियरी : नहीं हुजूर.

दारोगा : तुम पुराने आदमी हो, तुम्हें सोच समझकर काम करना चाहिए।

ओक्लियरी : यह सब तो सुन चुका हूँ।

दारोगा : तुम्हारे बाद वाले कमरे में एक लौंडा है, वह डर जाता है।

ओक्लियरी : कभी – कभी सनक सवार हो जाती है, हुजूर। मैं क्या करूँ ? हमेशा मन ठिकाने पर नहीं रहता।

दारोगा : काम तो पसंद है न?

ओक्लियरी : (एक चटाई उठाकर जो वह बना रहा था) यह काम मुझे दिया गया है। मेरे चाहे कोई प्राण ही ले ले, पर यह मुझसे न होगा। ऐसा सड़ियल काम। एक चूहा भी इसे बना सकता है।

मुंह बनाकर,

बस, यही मुझसे नहीं सहा जाता। यही सन्नाटा। जरा–सी कोई भनक कान में आए तो फिर समझ लीजिए बवाल हो जाता है।

दारोगा : तुम बाहर किसी दुकान में ही होते तो क्या इतनी बातें कर पाते ?

ओक्लियरी : कम से कम संसार की बातचीत तो सुनता।

दारोगा : (मुस्कुराकर) अच्छा, अब ये बातें बंद होनी चाहिए।

ओक्लियरी : अब जबान न खोलूंगा, हुजूर।

दारोगा : (घूमकर) सलाम।

ओक्लियरी : सलाम, हुजूर।

वह कोठरी में जाता है, दारोगा दरवाजा बंद कर देता है।,

दारोगा : (चाल–चलन की तख्ती पढ़कर) इस पाजी से कुछ कहने को जी नहीं चाहता।

वुडर : हाँ साहब मुहब्बती आदमी है .

दारोगा : (दालान से निकलने के रास्ते की ओर इशारा करके) वुडर, जाकर डॉक्टर को बुला लाओ।

वुडर उधर जाता है।,

दारोगा फोल्डर की कोठरी की ओर जाता है. वह हाथ उठाकर झरोखे के ढकने को खोलना चाहता है कि अचानक ही सिर हिलाकर हाथ नीचे कर लेता है. चाल चलन की तख्ती पढ़कर वह दरवाजे को खोलता है. फोल्डर जो दरवाजे के सहारे ही खड़ा हुआ था गिरते गिरते संभालता है।,

दारोगा : (बाहर आने का इशारा कर) कहो, क्या अब भी तुम शांत नहीं हो सकते फोल्डर?

फोल्डर : (हांफता हुआ) हाँ, साहब.

दारोगा : मेरा मतलब यह है कि अपने सिर को दीवार पर पटकने से कुछ न होगा।

फोल्डर : जी नहीं।

दारोगा : फिर ऐसा मत किया करो।

फोल्डर : कोशिश करूँगा, हुजूर।

दारोगा : क्या तुम्हें नींद नहीं आती?

फोल्डर : बहुत थोड़ी, दो बजे और उठने के बीच में दिल बहुत घबड़ाता है।

दारोगा : क्यों?

फोल्डर : (उसके होंठ फैल जाते हैं, जैसे मुस्कुराता हो) यह नहीं जानता। मैं कच्चे दिल का आदमी हूँ।

अचानक वाचाल होकर,

उस समय सभी बातें मुझे भयानक मालूम होती है। कभी–कभी सोचता हूँ कि शायद मैं यहां से कभी बाहर नहीं निकलूंगा।

दारोगा : दोस्त यह वहम है। अपने को सम्भालो।

फोल्डर : (अचानक झुंझलाकर) हाँ, करना ही पड़ेगा।

दारोगा : अपने साथियों को देखो।

फोल्डर : उनको आदत हो गई है। जी हाँ, शायद मैं भी कुछ दिनों में उन्हीं जैसा हो जाऊँगा।

दारोगा : (कुछ दुखित होकर) खैर, यह तुम जानो। अच्छा, अब काम में अपना मन लगाने की कोशिश करो। तुम अभी बिलकुल जवान हो। आदमी जैसा चाहे बन सकता है।

फोल्डर : (उत्सुकता से) जी हाँ।

दारोगा : अपने मन को अपने काबू में रखो। कुछ पढ़ते हो ?

फोल्डर : (सिर झुकाकर) मेरी समझ में कुछ आता ही नहीं। मैं जानता हूँ इससे कोई फायदा नहीं। फिर भी बाहर क्या हो रहा है, यह जानने की इच्छा होती है।

दारोगा : क्या कोई घरेलू मामला है ?

फोल्डर : जी हाँ।

दारोगा : उन बातों को तुम्हें नहीं सोचना चाहिए।

फोल्डर : (कोठरी की ओर देख कर) यह मेरे बस की बात नहीं है।

वुडर और डॉक्टर को आते देखकर बिलकुल चुप और स्थिर हो जाता है। दारोगा उसे कोठरी में जाने का इशारा करता है।

फोल्डर : (जल्दी से धीमे स्वर में) मेरा दिमाग बिलकुल ठीक है, साहब।

कोठरी के भीतर जाता है,

दारोगा : (डॉक्टर से) जाओ और उसे जरा देख आओ, क्लेमट।

डॉक्टर के भीतर जाते ही दारोगा दरवाजे को सटा देता है, फिर खिड़की की ओर जाता है।,

वुडर : (उनके पीछे – पीछे चलकर) बड़े दुःख की बात है कि आपको इन सबों के पीछे इतना कष्ट उठाना पड़ता है। मगर सब आदमी सुखी हैं।

दारोगा : क्या तुम ऐसा सोचते हो ?

वुडर : हाँ, साहब, केवल 'बड़े दिन' के कारण सब जरा बेचैन हो ऊठे हैं।

दारोगा : (अपने ही आप) अजीब बात है।

वुडर : क्या कहा हुजूर ?

दारोगा : बड़ा दिन।

खिड़की की ओर मुंह फेरता है। वुडर उनकी ओर बड़ी चिंता और दया की दृष्टि से देखता है।,

वुडर : (यकायक) कहिए तो अबकी कुछ धूमधाम ज्यादा की जाय, आप चाहें तो हॉली ट्री के और पौधे लगा दिए जाएं।

दारोगा : कोई जरूरत नहीं।

डॉक्टर फोल्डर के कमरे से बाहर आता है, दारोगा उसे इशारे से बुलाता है।,

दारोगा : कहिए।

डॉक्टर : मैं तो कोई खराबी नहीं पाता हूँ। हाँ, कुछ घबड़ाया जरूर है।

दारोगा : क्या उसकी हालत की इत्तला देनी चाहिए? सच कहो डॉक्टर।

डॉक्टर : बात तो यह है, उसे इस प्रकार एकांत में रखने से कोई फायदा नहीं हो रहा है। परन्तु यह बात मैं बहुतों के लिए कह सकता हूँ।

दारोगा : आपका मतलब है कि औरों के लिए भी सिफारिश करनी पड़ेगी।

